

THE FREE INDOLOGICAL COLLECTION

WWW.SANSKRITDOCUMENTS.ORG/TFIC

FAIR USE DECLARATION

This book is sourced from another online repository and provided to you at this site under the TFIC collection. It is provided under commonly held Fair Use guidelines for individual educational or research use. We believe that the book is in the public domain and public dissemination was the intent of the original repository. We applaud and support their work wholeheartedly and only provide this version of this book at this site to make it available to even more readers. We believe that cataloging plays a big part in finding valuable books and try to facilitate that, through our TFIC group efforts. In some cases, the original sources are no longer online or are very hard to access, or marked up in or provided in Indian languages, rather than the more widely used English language. TFIC tries to address these needs too. Our intent is to aid all these repositories and digitization projects and is in no way to undercut them. For more information about our mission and our fair use guidelines, please visit our website.

Note that we provide this book and others because, to the best of our knowledge, they are in the public domain, in our jurisdiction. However, before downloading and using it, you must verify that it is legal for you, in your jurisdiction, to access and use this copy of the book. Please do not download this book in error. We may not be held responsible for any copyright or other legal violations. Placing this notice in the front of every book, serves to both alert you, and to relieve us of any responsibility.

If you are the intellectual property owner of this or any other book in our collection, please email us, if you have any objections to how we present or provide this book here, or to our providing this book at all. We shall work with you immediately.

-The TFIC Team.

६४९५ A

ॐ

जैन-वीरों का इतिहास

लेखक—
बाबू कामताप्रसाद जैन, एम. आर. ए. एस.
ऑन० सम्पादक "वीर"

श्री मोतीलाल

'थे कर्म वीर कि मृत्यु का भी ध्यान कुछ धरते न थे
थे युद्धवीर कि काल से भी हम कभी डरते न थे।
थे दानवीर कि देह का भी लोभ हम करते न थे
थे धर्म्मवीर कि प्राण के भी मोह पर हटते न थे ॥'

प्रकाशक—
जैन मित्र-मंडल
धर्मपुरा, देहली।

प्रथमवार १००० | अप्रैल, १९३१ | मूल्य ।) आने

प्रकाशक—
जैन-मित्र मंडल
धर्मपुरा, देहली

मुद्रक—
महारथी प्रेस
चांदनी चौक, देहली

दो शब्द।

रतीय इतिहास अधकार में है और जैन इतिहास की उससे कुछ अच्छी दशा नहीं है। अलभ्य और अश्रुतपूर्व इतिहासिक सामिग्री से भरे हुये अनूठे जैनग्रन्थ आज भी जैन भण्डारों के अज्ञात कोनों में पड उनकी शोभा बढ़ा रहे हैं। अब भला बताइये, जैन वीरों का एक प्रमाणिक इतिहास लिखा जाय तो कैसे? इतने पर भी जब मुझे जैनमित्रमण्डल दिल्ली के उत्साही मन्त्री जी ने एक ऐसा इतिहास लिखने का आग्रह किया, तो मैं उनको टाल न सका। जितना कुछ मेरा अबतक का अध्ययन और अनुसन्धान था, उसही के बल पर मैंने 'जैन वीरों के इतिहास' की एक रूपरेखा लिख देना उचित समझा। उसी निश्चय का यह फल पाठकों के सम्मुख उपस्थित है।

मेरे कई उल्लेखों से, सम्भव है, अन्य विद्वान् सहमत न हों, परन्तु इस डर से मैं उनकी तीक्ष्ण बुद्धि को सतुष्ट करने के झमेले में नहीं पडा हू, क्यों कि ऐसा करने से पुस्तक सर्व-साधारण के मतलब की न रहती। हाँ, उन जैसे तार्किक पाठकों के सन्तोष के लिये मैं यह बता देना उचित समझता हूँ कि मैंने प्रत्येक आपत्तिजनक नई बात का प्रामाणिक वर्णन अपने 'संक्षिप्त जैन इतिहास' के दूसरे भाग में कर दिया है, जो प्रेस में है। वे चाहें तो उसे पढ कर आत्म-सन्तुष्टि कर सकते हैं।

अन्त में जैन वीरों के इस संक्षिप्त विवरण को उपस्थित करते हुए मुझे हर्ष है। वह इस लिये कि इन वीरवरों का महान् त्याग और कर्तव्यनिष्ठा समाज में नवजागृति की लहर उत्पन्न करने में और जैनों के नाम को लोक में चमकाने में सहायक होगा। यदि ऐसा हुआ तो मैं अपने प्रयत्न को सफल हुआ समझूंगा! किन्तु इस सब-कुछ का श्रेय श्री जैन-मित्र मण्डल, दिल्ली के उत्साही कार्य कर्ताओं को है, जिनके निमित्त से यह पुस्तक प्रकाश में आ रही है। अतः मैं उनका और अपने प्रिय मित्र प्रो० हीरालाल जी एम. ए. का जिन्होंने उपयोगी भूमिका लिख देने का कष्ट उठाया है, आभारी हुए बिना नहीं रह सकता। इतिशम्। वन्देवीरम्!

विनीत—

कामताप्रसाद जैन

अलीगंज (एटा)
२८-३-१९३०

भूमिका

महापुरुषों का इतिहास समाज का जीवनरस है। उनके चरित्र स्मरण से हृदय में पवित्रता और दृढता का संचार होता है तथा शरीर में तेज और स्फूर्ति उत्पन्न होती है। उससे हमें शान्ति के समय कार्यपटुता और विपत्ति के समय धैर्य व सततताभियोग की शिक्षा मिलती है। उच्च विचार और सरल जीवन का जो पाठ हम सहस्र उपदेश सुनकर भी नहीं सीख पाते वह महापुरुषों की जीवनियों से अनायास ही हमारे हृदय पर अंकित हो जाता है। जिस समाज व व्यक्ति के सन्मुख कुछ ऐसे आदर्श उपस्थित नहीं हैं वह मृतक के समान ही है।

जैनी प्रारम्भ से ही वीरोपासक रहे हैं। जो अपने शत्रुओं पर जितनी विजय प्राप्त कर सकता है उतना ही उसमें परमात्मत्व प्रकट हुआ समझा जाता है। जिसने अपने सम्पूर्ण शत्रुओं को जीत लिया वही जैनियों का परमात्मा है। यह कहना बडी भारी भूल है कि जैनधर्म में केवल आत्मा की ओर ही ध्यान दिया गया है और शरीर का कोई महत्व नहीं गिना गया। जैनमतानुसार शरीर और आत्मा की उन्नति में बडा घनिष्ट सम्बन्ध है, यहां तक कि जब तक मनुष्य का शरीर सम्पूर्ण हीनताओं से रहित होकर वज्र के समान नहीं होजाता अर्थात् वज्र वृषभनाराच संहनन नहीं प्राप्त कर लेता तब तक वह मोक्षपद का अधिकारी नहीं हो सकता।

इस सिद्धान्त के होते हुए इसमें आश्चर्य ही क्या है यदि जैन समाज के भीतर दोनों आत्मिक वीरता और शारीरिक

वीरता के आदर्शरूप अनेकों महापुरुषों के दृष्टान्त विद्यमान हों। आश्चर्य तो तब होगा यदि उपर्युक्त मत में विश्वास रखते हुए भी वह ऐसे उदाहरणों से खाली हो। वस्तुतः जैन इतिहास उक्त दोनो प्रकार के वीर पुरुषों के प्रमाणों से भरा हुआ है। इनमें से बहुत नहीं तो कुछ ऐसे भी वीर पुरुष हैं जिन्होंने ऐतिहासिक काल में धर्मप्रेम के साथ-साथ देश सेवा के लिये भारी बुद्धिमत्ता और असाधारण पराक्रम का परिचय देकर भारतवर्ष के इतिहास में चिरस्थायी ख्याति प्राप्त की है। तथा जिनके जिनमतावलम्बी होने में किसी को कोई सन्देह नहीं है। पूर्व भारत के कलिंगाधिपति खारवेल, दक्षिण के गंग सेनापति समरधुरंधर चामुण्डराय व होय्सल मन्त्री महाप्रचण्ड-दण्ड नायक गंगराज पश्चिम के गुजरात मंत्री वीरवर वस्तुपाल व तेजपाल तथा मेवाड़ सेनापति भामाशाह इसी प्रकार के वीर योद्धा हुए हैं।

खेद का विषय है कि बहुत समय से जैनियों ने अपने इन नर रत्नों का संस्मरण छोड दिया और उनके आदर्श से च्युत होकर अपने आचरणों को ऐसा बना लिया जिससे संसार को यह भ्रम होने लगा कि जैन धर्म कायरता का पोषक है। धीरे-धीरे यह भ्रम इतना प्रबल होगया कि स्वयं भारतवर्ष के कुछ प्रतिष्ठित विद्वानों ने अपना यह मत प्रकट कर दिया कि इस देश को भीरु बनाकर उसे पारतंत्र्य के बन्धन में बांधने का दोष जैनधर्म को ही है। कितने भारी कलंक की बात है? सच्चे क्षत्रिय वीरों द्वारा प्रतिपादित तथा वीरात्माओं द्वारा स्वीकृत और सम्मानित जैनधर्म की उसके वर्तमान अनुयायियों के हाथों यह दुर्गति, कि देश में सच्चे वीर उत्पन्न करने का श्रेय तो दूर रहा उलटा उसे कायरता-प्रसार का अप-

यश मिला। अहिंसा जैसे उच्च सिद्धान्त को जैनियो ने अपनी करनी द्वारा हास्यास्पद बना रक्खा था किन्तु आज उस सिद्धान्त का सच्चा जौहर संसार को दिख गया। आज जैन-धर्म के गर्व का दिन है। किन्तु जैन समाज को लज्जित होना पडता है। उच्च सिद्धान्तों का अपात्रों के हाथों में कहां तक अधःपतन हो सकता है, जैन समाज इस बात का जीता जागता उदाहरण है।

हर्ष की बात है कि जैन समाज के इन दुर्दिनों का अब अन्त आया दिखाई देता है। हमारा ध्यान अब हमारे वीर पुरुषों के चरित्र खोज निकालने में लग गया है। इन चरित्रों के प्रकाश में आने से हमें दो लाभ होने की आशा है। एक तो पूर्वोक्त कलंक का परिमार्जन हो जायगा और दूसरे समाज पुनः अपने भूले हुए सच्चे आदर्श की ओर झुक जायगा। किन्तु अभी इस कार्य का श्रीगणेश मात्र हुआ है। जैनियों की पूरी 'वीर चरित्रावली' प्रकट होने में अभी विलम्ब है। वर्षों के प्रमाद से खोई हुई वस्तु घर ही में होते हुए भी शीघ्र हाथ नहीं लगती। उसको ढूंढ निकालने तथा वर्षों की मलिनता को धो मांजकर उसके प्रकृत निर्मल स्वरूप को प्रकट करने के लिये समय और परिश्रम की आवश्यकता होती है।

प्रस्तुत पुस्तिका इस कार्य में दिक्-प्रदर्शन का कार्य करेगी। इसमें पुराण-काल से लगाकर १५ वीं १६ वीं शताब्दि तक के अनेक जैनराज कुलों व वीर पुरुषों का निर्देश किया गया है। लेखक ने इसे 'जैन वीरों का इतिहास' नाम दिया है यह उनकी इस विषय में उच्च आकांक्षाओं का द्योतक है। मेरी समझ में अभी यह उस इतिहास की प्रस्तावना मात्र "जैन वीरों के इतिहास" की रूप-रेखा उपस्थित करना है। किन्तु ऐसे एक सर्वांङ्ग

विषय-सूची ।

	पृष्ठ
१ प्राक्-कथन	१
२ वीराग्रणी श्रीऋषभदेव	६
३ तीर्थङ्कर चक्रवर्ती	१४
४ तीर्थङ्कर अरिष्टनेमि	१६
५ भगवान महावीर और उनके समय के जैनवीर	१७
१ राष्ट्रपति चेटक	१६
२ सम्राट् श्रेणिक	२०
३ भगवान महावीर	२१
४ राजा उदायन	२३
५ राजा चंदुप्रद्योत्	२४
६ राजकुमार जीवन्धर	२४
७ सम्राट् अजातशत्रु	२४
६ नन्दसाम्राज्य के जैनवीर	२५
१ सम्राट् नन्दिवर्द्धन	२६
२ महानन्द	२६
३ नन्दराज	२६
७ मौर्य्यसाम्राज्य के जैनशूर	२७
१ सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य्य	२७
२ ,, विन्दुसार व अशोक	३०
३ ,, सम्प्रति	३०
८ सम्राट् ऐलखारवेल	३१
६ भारतीय विदेशी जैनवीर	३४
१ मिनेन्डर	३५
२ नहपान	३५
३ रुद्रसिंह	३६
१० सम्राट् विक्रमादित्य	३६
११ आन्ध्रवंशी जैनवीर	३७
१ शात कर्णि द्वि०	३७
२ हाल	३७
१२ वीर भवड	३८
१३ जैनराजा पुष्पमित्र	३८
१४ गुजरात के वल्लभी राजा	३६
१५ हैहय व कलचूरि जैनवीर	४०
१ राजा शङ्करगण	४०
२ ,, कर्णदेव	४०
१६ गुजरात के चालुक्य योद्धा	४०
१ कीर्तिवर्मा	४१
२ विनयादित्य	४१
३ विजयादित्य	४१
४ विक्रमादित्य	४१
१७ गुजरात के राष्ट्रकूट राजा	४१
१ प्रभूतवर्ष	४१

	पृष्ठ
२ कर्क प्रथम	४१
३ चावड़वंश	४१
१८ सोलंकी वीर-श्रावक	४२
१ सम्राट् कुमारपाल	४२
१९ वघेले राज्यके जैन-वीर	४४
१ वीरधवल	४५
२ वस्तुपाल-तेजपाल	४५
२० वीर सुहृद्ध्वज	४६
२१ चन्देले जैन-वीर	४७
१ धङ्ग कीर्तिपाल	४८
२ पाहिल	४८
२२ परमारवंशी जैनराजा	४८
१ भोज	४८
२ नरवर्मा	४८
२३ कच्छप विक्रमसिंह	४९
२४ वीर राजा ईल	४९
२५ भंजवंश के जैनराजा	४९
२६ नाडाल के चौहान वीर	५०
२७ हस्तिकुण्डी के राठौर	५१
२८ जैनवीर कङ्कुक	५१
२९ मेवाड़ राज्यके वीर	५२
१ भामाशाह	५२
२ आशाशाह	५३
३० बीकानेर राज्यके जैन-वीर	५४
१ बच्छावत जैनी	५४
२ सेनापति अमरचंद सुराणा	५६
३१ जोधपुर राज्य के वीर श्रावक	५७
१ मोहनजी	५७
२ कृष्णदासजी	५७
३ इन्द्रराज-धनराज	५८
३२ जयपुर राज्य के जैनयोद्धा	५९
१ अमरचन्द दीवान	५९
३३ कोटकाङ्गणा के जैन दीवान	५९
३४ धर्मवीर धर्मचन्दजी	६०
३५ दक्षिण भारत के जैनवीर	६१
१ वीर बाहुबलि	६१
२ प्राचीन पाण्ड्य-चोल चेर	६२
३ चालुक्य जयसिंह प्रथम	६३
४ राष्ट्र वीर अमोघवर्ष आदि	६४
५ गङ्गवंश मारसिंह व सेनापति चामुण्डराय आदि	६६
६ होय्सलवंश-विष्णुवर्द्धन नरसिंहदेव-विट्टिदेव सेनापति गङ्गराज-हुल्ल	

	पृष्ठ
आदि	६८
७ कादम्बवंशी शांतवर्मा आदि	७०
८ कुरुम्ब-कमण्डु-प्रभु	७१
९ शिलाहार राजा भोज आदि	७२
१० पाण्डवंश-वीर पाण्डय	७२
११ चोलराज व चंगलवंश	७३
१२ कोंगलवंश	७३
१३ चेरवंश के वीर	७३
१४ पल्लववंश के राजा-महेन्द्रवर्मन	७४
१५ कलचूरिवंशी विजलदेव	७४
१६ कलभ्रवंशी जैन वीर	७४
१७ सांतारवंशी जैनराजा	७४
१८ धरणीकोट के जैनी-राजा	७५
१९ विजयनगर साम्राज्य के वीर	७५
१ सेनापति इरुगप्प	७५
२ ,, वैचप्प	७५
२० प्रान्तीय-शासक जैनी	७६
२१ मैसूर का राजवंश	७६
३६ जैन वीरङ्गनायें	७७
१ खारवेल की रानी	७८
२ भैरवदेवी	७८
३ सवियव्वे	७८
४ जक्कमव्वे	७९
३७ उपसंहार	८१

—०—

शुद्धाशुद्धि पत्र।

—०—

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३	४	Conquerol	Conqueror
३	२०	के लोलुपी	के लिये लोलुपी
४	१६	कल्यकाल	कल्पकाल
५	१७	इसी के	इसी की
५	१६	निंवृत्ति	निवृत्ति
६	३	कि वीरोंके चरत्र	कि इन वीरोंके चरित्र
६	१४	चकाधौंध	चकाचौंध
७	८	आषधि हा	औषधि हो
८	१४	Jaina	Jaina
८	१६	अब	उन
११	१०	बतलाने	बतलाये
१२	१६	उम्र	उम्र
१३	१५	यये	गये
१३	२२	विचार	विहार
१५	२	सालहवें	सोलहवें
१८	१३	सेनपति	सेनापति
१६	५	लगध	मगध
२१	२१	विचार	विचर
२३	१३	'लिया' शब्द के आगे निम्न शब्द बढाने चाहिये– "आखिर एक मुनिराज के संसर्ग में आकर वह जैनी हो गया और तब उदयन् ने उसे मुक्त कर दिया। वह जाकर"	
२४	६	अजातशत्रु	अजातशत्रु राजा
२६	२२	अमरत्य	अमात्य
२७	२१	इन राज्य	इनके राज्य
२६	६	ता	तो

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२६	१३	राजवलीक थे	राजावलीकथे
२६	२०	राज वलीक थे	राजावलीकथे
३१	१७	अप	अपने
३१	२१	शधरों	वंशधरों
३२	१	चेदिवशज	चेदिवंशवर्द्धन
३२	५	खारवेल केपूर्वज	खारवेल के पूर्वज
३२	२१	भूपिक	मूषिक
३३	५	पाण्डय	पाण्ड्य
३३	६	खाखेल	खारवेल
३३	१४	भारतोद्धार	भारतोद्धारक
३३	१६	वीजरधर वाली	वजिरघरवाली
३४	१६	खारखेल	खारवेल
३५	१०	माहयमिका	माध्यमिका
३५	११	धर्मानुपायी	धर्मानुयायी
३५	१३	क्षत्रिय	क्षत्रप
३६	१	क्षत्रिय	क्षत्रप
३६	६	अधृत	अछूत
३६	२०	आल	ऑफ
३८	३	पाञ्चालय	पाञ्चाल
३८	१०	महेन्द्र	महेन्द्र (Menander)
३६	३	शासवाधिकारी	शासाधिकारी
४४	१३	सन् १२१६	इसने सन् १२१६
४४	१५	अर्णकुमारपाल	अर्ण कुमारपाल
४६	८	वद्राड	वहाड़
५४	१	आश्र	आश्रय
५४	५	केवल	न केवल

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
५४	८	देसने	देखने
५४	१७	वीकानेर	वीका
५७	१३	जी-पुत्र	जी के पुत्र
५७	१८	मोहणेत	मोहणोत
५८	१५	डीवॉमन	डीनॉयन
५८	२१	राजा का	राजा की आज्ञा को
६२	१६	चोर	चेर
६४	७	पादपओं	पादपओ
६४	१७	जैधर्म	जैनधर्म
६४	२१	अमोगवर्ष	अमोघवर्ष
६५	७	मान्यरवेट	मान्यखेट
६५	१६	सिहेल	सिंहल
६६	१	चालु का	चालुक्य
६६	७	राह	राठौर
६७	१२	वौलम्बकुलांतक	नोलम्बकुलांतक
६७	२०	चाभुण्डराय	चामुण्डराय
६७	२१	कौशल एक	कौशल और
६८	३	शुभप्रणाम	शुभ-प्रयास
६८	५	अजित सेवस्वमी	अजितसेनस्वामी
६८	७	त्यस्त	व्यस्त
६८	६	निर्तिप्त	निर्लिप्त
६८	१२	चाभुण्डराय	चामुण्डराय
६८	१६	हरशुराम	परशुराम
६८	२०	हाटसल	हॉयसल
६६	१५	चाभुण्डराय	चामुण्डराय
७०	७	श्रवणवल्लभ	श्रवणवेलगोल

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७०	१८	कादम्वशी	कादम्ववशी
७१	१६	प्रचारक	प्रचार
७४	४	"जिस समय जैनो का केन्द्र था" यह वाक्य काट दो।	
७४	७	थो	थी
७५	२	बुज्जानन	बुचानन
७५	६	होटसल	होयसल
७६	२०	श्रवणवेलम्भ	श्रवणवेलगोल
७७	२	वीर-पूर्ण	वीरता-पूर्ण
७७	४	जैनो को राष्ट्र	"जैनों का राष्ट्र"
७७	५	इन	इस
७८	१	पुरण	पुराण
७८	३	लिघे	लिये
७८	६	रवार वेल	खारवेल
७८	१५	जरसय्या	जरसप्पा
८१	६	जहां रणाङ्गण	जहां शत्रु रणाङ्गण
८१	१०	उठान	उठाना
८३	१२	धाण	धारणा
८३	१५	अपने	आपके
८४	६	भविष्यदा	भविष्यदत्त
८४	१४	आत्म गं रवाञ्छित	आत्मा को गौरवान्वित
८५	१०	काविल	कालिव
८५	१२	राजाश्रम	राजाश्रय
८५	१४	इस गप्प	इरुगप्प
८६	३	पार्थिक	पार्थिव

प्राचीन भारत के मुख्य प्रदेश और नदियां

॥ ॐ नमः सिद्धेभ्यः ॥

जैन वीरों का इतिहास

(एक झलक)

(१)

प्राक्-कथन

'जैन वीरों का इतिहास' कितना कर्ण-प्रिय वाक्य है! किन्तु जमाना इतना उच्छृङ्खल हो चला है कि वह सहसा इस वाक्य के महत्व को जन साधारण के गले उतरने नहीं देता। आजकल ऐसे ही लोग बहुतायत से मिलते हैं, जो जैन धर्म और जैनियों को भीरुता का आगार प्रकट करते हैं। हमें उनकी नासमझ बुद्धि पर तरस आता है! सच बात तो यह है कि ऐसे लोगों ने जैनधर्म और जैन-महापुरुषों के स्वरूप को ही नहीं पहचाना है। इस न पहचानने में सारा दोष हमारे इन पडोसी भाइयों का ही नहीं है; बल्कि स्वयं हम जैनियों का भी है। क्योंकि हम लोगों ने अभी तक वर्तमान के प्रचलित प्रचार-उपायों का वास्तविक उपयोग नहीं किया है। हमें

साहित्य और प्रेस द्वारा प्रचार करके धर्म-प्रभावना करने का मूल्य ही नही मालूम है। किन्तु सौभाग्य से अब हमारे उगते हुए समाज का ध्यान इस ओर गया है और वह अब इस टटोल में भी है कि हमारे पूर्वजों ने धर्म, देश और जाति के लिए कौन-कौन से कार्य किये ?' इसी भावना का परिणाम है कि हमारे साहित्य में अब उन चमकते हुए वीर नर-रत्नों का प्रकाश प्रदीप्त हो चला है, जो अपनी सानी के अनूठे हैं। हमें विश्वास है, कि यह प्रकाश जमाने की उच्छृङ्खलता की धज्जियां उड़ा देगा और जैन युवकों के हृदयों को पूर्वजो की गुण-गरिमा से चमका कर इतना प्रबल बना देगा कि फिर किसी को साहस ही न होगा कि वह जैनों और जैनधर्म को हेय भीरुता का आगार बता सके।

'जिन खोजा तिन पाइयां' यह बिल्कुल सच है; किन्तु विरले ही खोज-खसोट करके सत्य को पाने का प्रयास करते हैं। यही कारण है कि जैनधर्म के विषय में प्रमाणिक साहित्य सुलभ हो चलने पर भी लोग उसके विषय में सत्य को नहीं पा सके हैं। किन्तु अब उन्हें कान खोल कर सुन लेना चाहिये कि वह भारी गलती में है—वहा अन्धकार में पड़े हुए हैं। आर्य लोक में जैनी और जैनधर्म ने धर्म, देश और लोक के लिए इतनी लाजवाब कुरबानियां की है कि उनको उंगलियो पर गिना देना बिल्कुल असम्भव है। इसका एक कारण है और वह यह कि जैनधर्म अपने प्रत्येक अनुयायी को वीर बनने

का पाठ पढ़ाता है। जो निशङ्क वीर नहीं बन सकता, वह जैनी नहीं हो सकता। 'जैन' नाम ही इस बात की साक्षी है। इस नाम का निकास 'जिन' शब्द से है, जिसका अर्थ है 'जीतने वाला' (Conqueror)! दूसरे शब्दों में कहें तो विजयी वीरों का धर्म जैनधर्म है। इसलिए इस धर्म का उपासक वही हो सकता है जो पूर्ण निशङ्क हो। जिसे न इस लोक का भय हो और न परलोक का डर हो। इस धर्म का श्रद्धानी न मौत से डरता है—न रोग से घबराता है और न आफत से भयातुर होता है। सत्य की तरह वह सदा प्रकाशवान् और सिंह के समान वह हमेशा निशङ्क है। अब बतलाइये जैन वीरों की संख्या गिनाई जाय तो कैसे गिनाई जाय?

जैनधर्म अनादिकाल से है, क्योंकि वह प्राकृतिक धर्म है। एक विज्ञान मात्र है। निरा सत्य है। यह हमारा कोरा प्रलाप नहीं है; किन्तु उसका स्वरूप ही इस बात का प्रमाण है। उस के सैद्धान्तिक तत्वों की तुलना विज्ञान-सिद्ध बातों से कीजिये तो फिर देखिये हमारा कहना ठीक है या नहीं। एक मोटी-सी बात तो आप सोच देखें। दुनियां में जिसे भी ज़रा समझ है—जो सचेतन है, वह विजय का आकांक्षी है। पशु-पक्षी और अबोध बच्चे भी अपने पास की वस्तु पर अधिकार जमा लेने के लोलुपी होते हैं। यह विजयाकांक्षा प्राकृत है और जैनधर्म भी विजयी होने की शिक्षा देता है। इस तरह वह प्रकृति का अनुरूप ठहरता है। हाँ, इतनी बात अवश्य है कि

वह मनुष्य को सावधान कर देता है कि किस तरह की विजय उसे करनी है। इस विवेक को मनुष्य के हृदय में जागृत कर देने ही में उसका महत्व गर्भित है। अतः एक सनातन प्रकृतिमन्य अनुयायियों में से सफल विजयी-वीरों को गिना देना क्या सुगम है? अस्तु;

अब यह तो जैनधर्म के नामकरण से ही स्पष्ट हो गया कि उसका वीरता से कितना घनिष्ट सम्बन्ध है। हमें उसके तात्विक स्वरूप में गहन प्रवेश करके शास्त्र-वाक्यों को उपस्थित करके यह सब कुछ सिद्ध करना अब कुछ आवश्यक नहीं जँचता। अब तो हमें केवल यह देखना है कि जैनधर्म किस प्रकार की विजय करने का उपदेश देता है। इसके लिए सब से पहले ज़रा देखिये कि उसमें जैनधर्म के मूल इष्ट-देव 'जिन' भगवान का क्या स्वरूप बतलाया है? जैन शास्त्र कहते हैं कि "रागादि जेतृत्वाज्जिनः"—रागादि को जीतने वाला ही जिन है। इसलिये जैनधर्म में सब से बड़ा वीर वह है जो रागादि को जीत लेता है। ऐसे वीर जैनधर्म में अनादिकाल से होते आये हैं। इसलिये जैन वीरों के इतिहास का कोई एक ठीक प्रारम्भ मान लेना सुगम नहीं है। किन्तु, अपने सम्बन्ध को देखते हुए, हम जैनधर्म में माने हुए इस कल्पकाल से ही जैन वीरों के इतिहास पर एक दृष्टि डालेंगे।

किन्तु सच्चे वीर की उपरोक्त व्याख्या से शायद आप समझें कि जैनधर्म में केवल इन्द्रिय-विजय ही वीरता कही

वरों के पवित्र चरित्रों से भरे हुवे हैं। हम नही चाहते कि उन्हीं चरित्रों को हम यहां दुहराएँ। हाँ, यह हम अवश्य कहेंगे कि वीरों के चरत्र बिल्कुल अनूठे हैं—वह दूसरी जगह शायद ही मिलें। इनमें से केवल एक-दो का परिचय करा देना तोभी हम आवश्यक समझते हैं।

किन्तु इन आत्म-विजयी वीरों के अतिरिक्त जैनों में अन्य कर्मवीरों की संख्या भी कुछ कम नहीं है। उन सब का पूर्ण परिचय कराना भी इस छोटी सी पुस्तिका में असम्भव है। तो भी हम संक्षेप में उनकी एक रूप-रेखा पाठकों के सामने उपस्थित कर देंगे। उसको देख कर वह लोग अवश्य ही आश्चर्यचकित हो जायँगे जो जैनियों को अपने अहिंसा धर्म के कारण स्वप्न में भी तलवार छूने का विचार नहीं कर सकते। अन्यों की बात जाने दीजिये, स्वयं जैनियों में ऐसे अन्ध-भक्तों की आँखें इसको पढ़ कर चकाचौंध हो जायेंगी। जो अहिंसा के स्वरूप को नहीं जानते और पाप भीरुता को ही अहिंसा समझे बैठे हैं। उन्हें पता ही नहीं कि उनके लिए आरम्भी और विरोधी हिंसा तज्जन्य नही है। अपितु जैन शास्त्र तो उन्हें आदेश करते हैं कि उद्दण्ड शत्रु यदि युद्ध बिना नहीं माने तो उसका युद्ध ही इलाज है अर्थात् उसे रण-क्षेत्र में अच्छी तरह छका कर राह रास्ते ले आओ—उसके पाप परिणाम का नाश करदो। पर स्मरण रहे, कि स्वयं पाप अहङ्कार में न जा पड़ना। 'नीति वाक्यामृत' के निम्न वाक्य इसी बात के

द्योतक हैं—

'दण्डसाध्ये रिपावुपायान्तर मग्नावाहुति प्रदानमिव ।
यन्त्रशस्त्रक्षार प्रतीकारे व्याधौ किं नामान्योषध कुर्यात् ॥'

—युद्धसमुद्देश ३६-४०

अर्थात्—'जो शत्रु केवल युद्ध करने से ही वश में आ सकता है, उसके लिए अन्य उपाय करना अग्नि में आहुति देने के समान है। जो व्याधि यन्त्र, शस्त्र या क्षार से ही दूर हो सकती है, उसके लिए और क्या औषधि हो सकती है।' इस का तात्पर्य ठीक वही है, जो हम ऊपर कह चुके हैं; तिस पर धर्म, सङ्घ और जाति-भाइयों पर आये हुए सङ्कट के निवारण के लिए अन्य उपायों के साथ 'असिबल'—तलवार के जोर से काम लेने का खुला उपदेश 'पञ्चाध्यायी' के निम्न श्लोकों से स्पष्ट है—

अर्थादन्यतमस्योच्चै रुद्दिष्टेषु स दृष्टिमान् ।
सत्सु घोरोपसर्गेषु तत्परः स्यात्तदत्यये ।८०८।
यद्वा नह्यात्म सामर्थ्यं यावन्मन्त्रासिकोशकम् ।
तावद्द्रष्टुं च श्रोतुं च तद्बाधा सहते न सः ।८०९

अर्थात्—'सिद्धपरमेष्ठी, अर्हन्तबिम्ब, जिन मन्दिर, चतुर्विधसङ्घ (मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका) आदि में किसी एक पर भी आपत्ति आने से उसके दूर करने के लिए सम्यग्दृष्टि पुरुष (जैनी) का सदा तत्पर रहना चाहिये। अथवा जब तक अपनी सामर्थ्य है और जब तक मन्त्र, तल-

वार का ज़ोर और बहुत द्रव्य है तब तक एक जैनी भी, आई हुई किसी प्रकार की बाधा को न तो देख ही सकता है और न सुन ही सकता है !' यही बात 'लाटी संहिता' नामक ग्रन्थ में और भी स्पष्ट रूप से दुहराई गई है। अब भला बतलाइये, जैनियों का क्षत्रित्व से भटका हुआ कैसे कहा जाय ? इसको देख कर भी, यदि कोई जैनों की वीरता पर आश्चर्य करे तो यह उसकी अज्ञानता का अभिनय मात्र होगा। प्रायः होता भी यही है। उस रोज़ 'क्वार्टर्ली जर्नल ऑव दी मीथिक सोसायटी' (भा०१६ पृष्ठ २५) में एक अंग्रेज़ विद्वान् ने जैनवीर बैचप्पा का वीरगल् सम्पादित किया और जब उसमें उन्होंने पढ़ा कि 'युद्धमें वीर गति को प्राप्त करके बैचप्प ने स्वर्गधाम और जिन भगवान के चरणों की निकटता प्राप्त की' तो उनका अचरज चमक गया। उन्होंने चट लिख मारा 'An extraordinary reward indeed for a Jaina who is said to have sent many of the Konkanigas to destruction !' किंतु अब बेचारे का दोष ही क्या ? उन्हें जैन शास्त्र ही नहीं मिले जो उन्हें जैन अहिंसा का वास्तविक स्वरूप समझा देते।

ख़ैर, सवेरे का भूला हुआ शाम को ठिकाने लग जाय तो वह भूला नहीं कहलाता। लोग अब भी अपनी ग़लती को ठीक करलें तो देश और जाति का कल्याण हो। जैनधर्म पर मढ़ा गया झूठा कलङ्क पल भर में काफूर हो जावे। इसी भाव को लक्ष्य करके, आइये पाठक गण, इस युगकालीन जैन-वीरों

के प्रभावक चरित्र-रेखाओं से अपने जीवन-पथ को चिह्नित कर लीजिये और फिर निशङ्क हो कर जैन-जीवन—वीर-जीवन का प्रकाश दुनियां में फैल जाने दीजिये। इसका परिणाम यह होगा कि हम और आप कवि के राग में लय मिला कर आकाश गुँजाते मिलेंगे कि—

'यह थे वह वीर जिनका नाम सुन कर जोश आता है।
रगों म जिनके अफसाने से चक्कर खून खाता है ॥'

× × ×

'इसी कौम में ही चौवीस तीर्थंकर हुये पैदा.
जहा में आज तक बजता है जिनके नाम का डका।
समझते थे अपना धर्म हर एक जीव की रक्षा,
निछावर थे दया पर, बल्कि वह सौ जान से शैदा ॥'

× × ×

'है अब तक धाक इन चौके दिलेरों के शुजाअत की,
लगी है सुफए तारीख पर मोहर, शहादत की।'

× × ×

(२)

वीराग्रणी श्री ऋषभदेव।

'नाभेः सुताः स वृषभो मरुदेवीसूनुर्यो वै चचार मुनियोग्यचर्याम् ।'
—भागवतपुराणे।

सभ्यता का अरुणोदय था। उस समय लोगों को रहन-सहन और करने-धरने का इतना भी ज्ञान नही था, जितना

कि आज कल के बच्चों को खेलते-खेलते होता है। वह बड़े हैरान थे। तब तक उन्हें पुण्य-प्रताप से जीवन यापन करने के लिए आवश्यक सामग्री स्वतः मिल जाती थी; किन्तु अब वह पुण्य-क्षेत्र न था। वह परेशान थे। कैसे खेत बोवें, अनाज काटें, रोटी बनावें और पेट की ज्वाला शमन करें? यह उन्हें ज्ञात नहीं था। शैतान जङ्गली जानवरों से अपने को कैसे बचावें? मेंह-बूँद और गर्मी-सर्दी से अपने तन की रक्षा क्यों कर करें? यह कुछ भी वह न जानते थे। इस सङ्कट की हालत में वह मनु नाभिराय के पास भगे गये और अपनी दुःख गाथा उनसे कहने लगे। उन्होंने सोचा और कहा—'भाई, अब ऐसे काम न चलेगा। अपना पुण्य क्षीण हो चला है। चलो, अपने में जो विद्वान् दीखे, उसे इस सङ्कट में से निकाल ले चलने के लिए सर्वाधिकारी चुन लें।' लोगों ने उत्तर दिया—'महाराज, इस विषय में हम कुछ नहीं जानते। जिसे आप योग्य समझें, उसे सर्वाधिकारी चुन लीजिये। हमें कोई आपत्ति नहीं।' नाभिराय बोले—'यह ठीक है, पर सोच-समझने की बात है। यद्यपि मुझे इस समय कुमार ऋषभ अथवा वृषभ सर्वथा योग्य जँचते हैं, पर आप लोग भी सोच देखें।' 'लोगों ने कहा यही ठीक है।' और इसी अनुरूप ऋषभदेव जी नेता चुन लिये गये। वह जन्म से ही असाधारण गुणों के धारक थे। जैनशास्त्र तो उनकी प्रशंसा करते ही हैं; परन्तु हिन्दू शास्त्र भी उनसे इस बात में पीछे नहीं हैं।

श्रीमद्भागवत पुराण में उनका चरित्र बड़े अच्छे ढङ्ग पर लिखा है और वह जैनवर्णन से सादृश्य रखता है। वहाँ भी उन्हें नाभिराय और मरुदेवी का पुत्र लिखा है और कहा है कि यह आठवें अवतार थे। 'भागवतकार' यह भी कहते हैं कि 'सर्वत्र समता, उपशम, वैराग्य, ऐश्वर्य और महैश्वर्य के साथ उनका प्रभाव दिन-दिन बढ़ने लगा। वह स्वय तेज, प्रभाव, शक्ति, उत्साह, कान्ति और यश प्रभृति गुण से सर्व प्रधान बन गये।' (५।४)

ऋषभदेव जी जब सर्व प्रधान बन गये तो उन्होंने लोगों को रहन-सहन और करने-धरने के नियम बतलाने और वह सानन्द जीवन यापन करने लगे। जङ्गली जानवरों और आततायियों के विरोध से अपनी रक्षा करने के लिए उन्होंने लोगों को हथियार बनाना सिखाया और स्वयं हाथ में तलवार लेकर उन्होंने लोगों को उसके हाथ निकालना सिखाये। यही क्यों? कपड़ा बुनना, बर्तन बनाना इत्यादि शिल्पकर्म और लिखना-पढ़ना, चित्र निकालना आदि विद्याओं का ज्ञान भी उन्होंने पहले पहल लोगों को कराया। राष्ट्रीय व्यवस्था और शिल्प-कला तथा व्यापार की उन्नति के लिए उन्होंने वर्गभेद नियत किये। जिन्हें उन्होंने देश की रक्षा के लिए बलवान पाया उन्हें सैनिक वर्ग में नियत करके 'क्षत्र' नाम से प्रसिद्ध किया और जो मसि, कृषि एवं वाणिज्य कार्यों में निपुण थे, वह 'आर्थिक वर्ग' में रक्खे गये और 'वैश्य' नाम से उल्लिखित किये गये।

तथापि देश में सेवा कार्य और शिल्प की उन्नति के लिए जिन्हें दक्ष पाया उन्हें 'सेवक वर्ग' में नियुक्त किया और उनको 'शूद्र' नाम से पुकारा। इस तरह प्रारम्भ में इस त्रिवर्ग से ही राष्ट्रीय कार्य चल निकला। राजाज्ञा के विना कोई वर्गभेद का उल्लङ्घन नहीं कर सकता था। हाँ, यदि कोई वैश्य क्षत्रियत्व के उपयुक्त पाया जाता, तो उसे सैनिकवर्ग में पहुँचने की पूर्ण स्वाधीनता थी। बस इस प्रकार देश में राष्ट्रीय नागरिकता को जन्म दे कर ऋषभदेव जी सुचारु रूप से शासन करने लगे।

किन्तु इस समय तक लोगों को अपने इहलोक सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति से ही छुट्टी नहीं मिली थी; इसलिये उन्हें परलोक विषयक बातों की ओर ध्यान देने का अवसर ही नहीं मिला था और इसका कारण 'ब्राह्मण वर्ग' अभी अस्तित्व में नहीं आया था। उसका जन्म तो भरत महाराज ने तब किया जब भगवान ऋषभदेव सर्वज्ञ तीर्थङ्कर हो गये।

उपरान्त जब ऋषभदेव जी ने राष्ट्र की समुचित राज-व्यवस्था कर दी और लोगों को सभ्य एवं कर्मण्य जीवन बिताना सिखा दिया; तथापि स्वयं वे गृहस्थ रूप में सफल हो चुके, तब उन्हें परलोक की सुधि आई। विवेक उनके सम्मुख मूर्तिमान हो, आ खड़ा हुआ। इस बड़ी उम्र में अब उन्हें आत्म-ज्ञान प्राप्त करने की सुधि आई। उन्होंने मन्त्रिमण्डल को एकत्र किया। सब की सम्मति से ऋषभदेव जी के पुत्र भरत जी का राजतिलक कर दिया गया। आर्यावर्त के वही

पहले सम्राट् हुए और इस देश का नाम 'भारतवर्ष' उन्हीं की अपेक्षा पड़ा।

भरत के राजा हो जाने पर ऋषभदेव जी ने प्राकृत भेष को धारण कर लिया और वह प्रकृति की गोद में जाकर रहने लगे। "दूसरे शब्दों में कहें तो वे परम हंस अथवा दिगम्बर साधु हो कर गहन तप और अचिन्त्य ध्यान में लीन हो गये।" इधर भरत महाराज ने अपनी तलवार को सँभाला। उन्होंने उन देशों और लोगों को अपने वश में ला कर सभ्य और कर्मण्य बना देना उचित समझा, जो अभी अज्ञानान्धकार में पड़ हुए थे। भारत के प्रान्तीय शासक आ कर उनके झण्डे के तले इकट्ठे हो गये। बड़ी भारी सेना को लेकर उन्होंने पृथ्वी के कोने-कोने को अपने अधिकार से चिह्नित कर दिया। किन्तु इस दिग्विजय को निकलने के पहले ही उन्हें ज्ञात हुआ था कि भगवान ऋषभदेव सर्वज्ञ परमात्मा हो गये हैं। बस, वह चट उनकी वन्दना कर आये थे और उनसे उन्होंने श्रावक के व्रतों को ग्रहण कर लिया था। इस प्रकार एक व्रती जैन की तरह उन्होंने तलवार ले कर यह दिग्विजय की थी।

भागवत में भी ऋषभदेव जी को स्वयं भगवान् और कैवल्यपति ठहराया है। उन्होंने इस सर्वज्ञ रूप में सर्व प्रथम आर्यधर्म का उपदेश दिया। इस युग में जैनधर्म का प्रथम प्रतिपादन यही हुआ था। भगवान् ने इस धर्म का प्रचार सर्वत्र विचार कर किया और जनसाधारण को आत्म-स्वातन्त्र्य

सत्रहवें और अठारहवें तीर्थङ्कर सार्वभौम चक्रवर्ती सम्राट् थे। सालहवें तीर्थंकर शान्तिनाथ का जन्म हस्तिनापुर में हुआ था। तब वहाँ पर काश्यपवंशी राजा विश्वसेन राज्याधिकारी थे। इनके ऐरादेवी नाम की रानी थी। उसी के गर्भ से शान्तिनाथ भगवान का जन्म हुआ था। युवा होने पर पिता ने इनका राजतिलक कर दिया और तब राजा हो कर इन्होंने षट्खण्ड पृथ्वी पर अपनी विजय पताका फहराई थी। उपरान्त राज-पाट छोड़ कर आत्म स्वातन्त्र्य पाने के लिए उन्होंने विषय-कषाय रूपी वैरियों को परास्त कर के मोक्ष-लक्ष्मी को वरा था।

इन्हीं की तरह सत्रहवें तीर्थङ्कर कुंथुनाथ ने भी प्रबल अक्षौहिणी लेकर सार्वभौम दिग्विजय कर के चक्रवर्ती पद पाया था। यह भी हस्तिनापुर में कुरुवंशी राजा सूरसेन की पत्नी रानी कान्ता की कोख से जन्मे थे।

अठारहवें तीर्थङ्कर अरहनाथ थे। इनका जन्म भी हस्तिनापुर में हुआ था। तब वहाँ पर सोमवंश के काश्यप-गोत्री राजा सुदर्शन राज्य कर रहे थे। उनकी रानी मित्रसेना अरहनाथ जी की माता थीं। इन्होंने भी समस्त पृथ्वी पर अधिकार जमा कर चक्रवर्ती पद पाया था। इनके समय से ही ब्राह्मण वानप्रस्थ साधुगण विवाह करने लगे थे। इस प्रथा का प्रवर्तक जमदग्नि नामक संन्यासी था। और जब अरहनाथ जी मुक्त हो गये, तब परशुराम ने क्षत्रियों को निःशेष करने

का बीड़ा उठाया था। इससे सहज अनुमान हो सकता है, कि इन क्षत्रिय सम्राट् की धाक और प्रभाव जनसाधारण पर कैसा जमा हुआ था।

अब ज़रा सोचिये कि जब जैनधर्म के प्रतिपादक स्वयं तीर्थङ्कर भगवान ही तलवार लेकर रण-क्षेत्र में वीरता दिखा चुके हैं, तब यह कैसे कहा जाय कि जैनधर्म में कर्मवीरता को कोई स्थान ही प्राप्त नहीं है?

—o—

(४)

तीर्थङ्कर अरिष्टनेमि।

भारत की पुरातन इतिवृत्ति में महाभारत संग्राम को वही स्थान प्राप्त है, जो इस ज़माने के इतिहास में पिछले योरुपीय महायुद्ध को मिला हुआ है। अच्छा, तो उस महायुद्ध में भी अनेक जैन महापुरुषों ने भाग लिया था। औरों की बात जाने दीजिये। केवल श्रीकृष्ण जी के सम्पर्क भ्राता और जैनों के बाईसवें तीर्थङ्कर अरिष्टनेमि को ले लीजिये। जिस समय यादवों को जरासिन्धु से घोर संग्राम करना पड़ा तो उस समय भगवान अरिष्टनेमि ने बड़ी वीरता दिखाई। स्वयं इन्द्र ने अपना रथ और सारथि उनके लिए भेजा। उसी पर चढ़ कर भगवान अरिष्टनेमि ने घोर युद्ध किया और फिर ढलती उम्र के निकट पहुँचते-पहुँचते वह कर्म-रिपुओं से लड़ने के

लिए घर-बार और कपड़े-लत्ते छोड़ कर अरण्यवासी हो गये। फलतः आत्म-स्वातन्त्र्य उन्हें मिला। वह सर्वज्ञ हो गये और गिरनार पर्वत से उन्होंने मुक्तिलाभ किया। कहिये उनकी वीरता कैसी अनुपम थी? वह केवल भौतिक, बल्कि आत्मिक-क्षेत्र में भी लासानी है। जैन वीरों की यही श्रेष्ठता है। वह न केवल रण-क्षेत्र में ही शौर्य प्रकट करके शान्त हुए, प्रत्युत् अध्यात्मिक क्षेत्र में महान् शूर-वीर बने। इसीलिए वह जगत्-वन्द्य है।

—०—

(५)

भगवान महावीर और उनके समय के जैन वीर।

(राष्ट्रपति चेटक और सम्राट् श्रेणिक प्रभृति जैन वीर)

वैशाली, क्षत्रियग्राम, कुण्डग्राम, कोल्लग आदि छोटे-बड़े नगर और सन्निवेश वहाँ आस पास बसे हुए थे। इनमें सूर्य-वंशी क्षत्रियों की बसती थी। लिच्छवि नामक सूर्यवंशी क्षत्रियों की इनमें प्रधानता थी और यह वैशाली में आबाद थे। कुण्डग्राम और कोल्लग अथवा कुलपुर में नाथ अथवा ज्ञातृवंशी क्षत्रियों की घनी आबादी थी। इनके अतिरिक्त इर्द-गिर्द और भी बहुत से क्षत्रीकुल बिखरे हुए थे। इन सबने आपस में सङ्गठन कर के एक प्रजातन्त्रात्मक शासनतन्त्र की

स्थापना कर ली थी। इसका नाम उन्होंने रक्खा था—"श्री-वज्जियन या वृजिगण राज्य।" और वे इसमें अपने प्रतिनिधि चुन कर भेजते थे। वे सब 'राजा' कहलाते थे। इस राष्ट्रसङ्घ के सभापति (President) राजा चेटक थे और वे लिच्छिवि वंशीय क्षत्रियों के नायक थे।

भगवान महावीर की माता त्रिशलादेवी राजा चेटक की विदुषी कन्या थीं। अतः भगवान महावीर और राष्ट्रपति चेटक का घनिष्ठ सम्बन्ध था। गणराज्य के स्वाधीन वातावरण में शिक्षित-दीक्षित हुए यह नरपुंगव श्रेष्ठ वीर थे। राजा चेटक अपने शौर्य के लिए प्रख्यात् थे। एक बार उस समय के प्रख्यात् साम्राज्य मगध से लिच्छिवियों की युद्ध ठन गई। फलतः वज्जियन राष्ट्रसङ्घ में सम्मिलित सब ही क्षत्री अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होकर रणक्षेत्र में आ डटे। सेनपति बनाये गये श्रावकोत्तम वीर सिंहभद्र अथवा सीह यह संभवतः राजा चेटक के पुत्र थे और बाँके वीर थे। उपरोक्त सङ्घ मे भगवान महावीर के वंशज ज्ञात् क्षत्री भी सम्मिलित थे। उन्होंने भी इस युद्ध में खास भाग लिया। राजकुमार-महावीर भी इस कार्य में पीछे न रहे होंगे; यद्यपि उनका अलग उल्लेख किसी ग्रन्थ में नहीं है। तो भी यह स्पष्ट है कि लिच्छिवि, ज्ञात्, कश्यप आदि क्षत्रिय कुलों के वीर इस युद्ध में शामिल थे। बड़ा घमासान युद्ध हुआ और विजयश्री राजा चेटक के पक्ष में रही। किन्तु मगध सम्राट् जल्दी मानने वाले

न थे। वह फिर रणक्षेत्र में आ डटे, किन्तु अब के दोनों राज्यों में सन्धि हो गई। भला, देश के लिए मरनेवाले राष्ट्रसङ्घ वाले क्षत्रिय-वीरों के समक्ष मगध साम्राज्य के भाड़ेतू सैनिक टिक ही कैसे सकते थे?

इस सन्धि के साथ ही मगध सम्राट् श्रेणिक बिम्बसार के साथ राजा चेटक की पुत्री चेलनी का विवाह हो गया। चेलनी पक्की श्राविका थी और श्रेणिक बौद्ध-धर्मावलम्बी था। इसलिये प्रारम्भ में तो चेलनी को बड़ा आत्म-सन्ताप हुआ था, किन्तु उपरान्त उसने साहस करके अपने पति को जैनधर्म का महत्व हृदयङ्गम कराना आरम्भ किया और सौभाग्य से वह उसमें सफल भी हुई। इस प्रकार न केवल राजा "चेटक", सेनापति "सिंहभद्र" और अन्य राष्ट्रीय सैनिक ही जैनधर्म-भक्त थे, अपितु सम्राट् "श्रेणिक", युवराज "अभयकुमार" और अन्य सैनिक भी जैनधर्म के भक्त थे। इन सब वीरों के चरित्र यदि विशदरूप में लिखे जायँ, तो एक पोथा बन जाय, परन्तु तो भी संक्षेप में इन जैन वीरों के खास जीवन-महत्व को स्पष्ट कर देना उचित है।

× × ×

राजा "चेटक" के व्यक्तित्व का महत्व उनके राष्ट्रपति होने में है। योरुप के बीसवीं शताब्दि वाले राजनीतिज्ञों को प्रजातन्त्र शासन पर घना अभिमान है, परन्तु वह भूलते हैं, भारत में इस शासन-प्रथा का जन्म युगों पहिले हो चुका था।

भगवान महावीर के समय में न केवल वज्जियन राष्ट्रसङ्घ था, वल्कि मल्ल, शाक्य, कोल्यि, मोरीय इत्यादि कई एक गणराज्य थे। किन्तु इन सव में लिच्छिवि क्षत्रियों की प्रधानता का वृजिराष्ट्रसङ्घ मुख्य था। इसी के सभापति राजा चेटक थे। इसकी सुव्यवस्था का श्रेय राजा चेटक को था और इसमें ही उनका महत्व गर्भित है।

× × ×

सम्राट् "श्रेणिक" के व्यक्तित्व की महत्ता मगध साम्राज्य की नीव को दृढ़ वना देने में है। उन्होने साम्राज्य की राजधानी राजगृह को फिर से निर्माण कराया था। परिणाम इस सव का यह हुआ कि कुछ वर्षों के भीतर ही मगधराज्य भारत का मुकुट वन गया। सिकन्दर महान् ने जव सन् ३०२-ई० पूर्व में भारत पर आकमण किया तव उसे विदित हुआ कि मगधराज ही महा प्रवल भारतीय राजा है। यह श्रेणिक की दूरदर्शिता का ही परिणाम था। किन्तु श्रेणिक का महत्व तो उनके उस वीरतामय कार्य में गर्भित है, जिसके वल हिन्दुस्तान विदेशियों के जुए तले आने से वाल-वाल वच गया। वात यह थी कि उनके राज्यकाल में ही ईरान के वादशाह ने भारत पर आक्रमण किया था: किन्तु श्रेणिक ने उसे मार भगाया और उसके देश में भारतीयता की धाक जमा दी। श्रेणिक के पुत्र अभयकुमार के प्रयत्न से पारस्य मे जैनधर्म का प्रचार हो गया। यहाँ तक कि एक ईरानी राजकुमार तक

जैनी होकर मुनि हो गया था ! भला, बताइये देश और आर्य-संस्कृति के लिए किया गया, यह कितना महनी कार्य था।

× × ×

किन्तु यहां तक के वर्णन से "भगवान महावीर" का कुछ भी परिचय प्रकट नहीं हुआ। अतः आइये उन युगवीर की पवित्र जीवनी पर एक नजर डाल लें। कुण्डग्राम के ज्ञातृ अथवा नाथ क्षत्रियों की ओर से वृजिराष्ट्रसंघ में भगवान महावीर के पिता राजा सिद्धार्थ सम्मिलित थे। कहना होगा कि भगवान महावीर एक वीर राजकुमार थे। वृजिराष्ट्र के लिए न जाने उन्होंने क्या-क्या कार्य किये। वे कार्य तो उनकी विश्वविजयी प्रेम-सरिता में बह कर कहीं न कहीं के हो रहे। आज तो उनका नाम और काम अहिंसाधर्म के अपूर्व प्रचारक के रूप में पूज रहा है।

आज महात्मा गान्धी जिस सत्याग्रह अस्त्र से नृशंस राज्य को पलटने की धुन में व्यग्र हो कर स्वाधीनता की लड़ाई लड़ रहे हैं, वह अस्त्र जैनवीरों द्वारा बहुत पहले आज़माया जा चुका है। मनसा वाचा कर्मणा पूर्ण अहिंसक रहते हुए भी वह वीर दुर्दान्त शत्रु को परास्त करने में सफल हुए थे। यह मात्र उनके त्याग, तपस्या और सहनशीलता का प्रभाव था। भगवान महावीर को भी एक ऐसी लड़ाई का व्यर्थ ही सामना करना पड़ा था। राज-काज को छोड कर वह नग्न मुनि हो कर विचार रहे थे। उज्जैन के पास एक भयानक

स्मशान था। वहे वहीं जाकर आसन लगा बैठे। किसीसे मतलब नहीं—वह अपने आत्म-स्वातन्त्र्य पाने के उपायों में ध्यानमग्न थे। किन्तु कितने भी शान्त और निस्पृह रहिये, परन्तु दुष्टों के लिए साधु पुरुषों का रूप ही भयावह है—वह उनके स्वरूप को सहन नहीं कर सकते। इस प्रकार की दुष्टता को लिये हुए तब एक रुद्र नामक जीव उस स्मशान में आ निकला। भगवान को देखते ही वह आग बबूला हो गया। उसने मनमाने ढङ्ग से भगवान पर प्रहार करने शुरू कर दिये। किन्तु सच्चे सत्याग्रही महावीर अपने ध्यान में अटल रहे। उन्होंने उस रुद्र की ओर तनिक भी ध्यान न दिया। दुष्टता की भी हद होती है। सत्य के समक्ष असत्य टिकता नहीं। यही हाल रुद्र का हुआ। अन्त में वह अपनी करनी से हताश हो गया। फिर उसे होश आया, उन महापुरुष की दृढ़ता और सहनशीलता का। वह स्वयमेव उनके सामने नतमस्तक हो गया। सत्याग्रह का यह सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। इसलिये आधुनिक सत्याग्रही के लिए भगवान महावीर एक अनुकरणीय आदर्श हैं। अब कहिये, यह आदर्श जैनों के मस्तक को ऊँचा करने वाला है या नहीं?

भगवान महावीर जैनियों के अन्तिम तीर्थङ्कर थे। इन्होंने देश-विदेशों में घूम कर सत्य-धर्म का प्रचार किया था और आज से क़रीब ढाई हज़ार वर्ष पहले उन्होंने पावापुर (बिहार प्रान्त) से मुक्ति-रमा को वरा था।

उस समय भगवान महावीर के अनुयायी बहुत से राजा-महाराजा हो गये थे। उन सब का सामान्य परिचय कराना भी यहाँ कठिन है। हाँ, उनमें से किन्हीं खास वीरों का परिचय उपस्थित कर देना उचित है।

भगवान के इन वीर शिष्यों में सिन्धु-सौवीर के राजा "उदायन" विशेष प्रसिद्ध हैं। अपने जैनधर्म-प्रेम के कारण यह जैनों के दिलों में घर किये हुए हैं। आबाल-वृद्ध-वनिता उनके नाम और काम से परिचित है। वह जितने ही धर्मात्मा थे, उतने ही वीर थे। एक बार उज्जैन के राजा "चन्द्रप्रद्योत" ने इन पर आक्रमण कर दिया। घमासान युद्ध हुआ। फलतः "चन्द्रप्रद्योत" को खेत छोड कर भाग जाना पडा। किन्तु "उदायन" ने उसे यूं ही नहीं जाने दिया। उसे गिरफ़ार कर लिया, उज्जैन में राज करने लगा। उसने भी कई लडाइयाँ लड़ीं और उस समय के प्रख्यात् राजाओं में वह गिना जाने लगा। किन्तु उदायन का महत्व उससे विजय पा लेने में नहीं, बल्कि तत्कालीन भारतीय व्यापार को उन्नत बनाने में गर्भित है। आज सामुद्रिक व्यापार के बल यूरोप-वासी मालामाल हो रहे हैं। तब उदायन ने भी भारत को सामुद्रिक व्यापार में अग्रसर बनाने का उद्योग किया था। उनके राज्य में उस समय के प्रसिद्ध बन्दरगाह "सूर्पारक" आदि थे। उदायन उनकी उन्नति और समुचित व्यवस्था रख कर भारत का विशेष हित-साधन कर सके थे। जैनवीरों में उनका नाम इन कार्यों से ही

अमर है। अन्त में वह जैनमुनि हो कर मुक्त हो गये थे।

× × ×

दूर-दूर दक्षिण भारत में भगवान महावीर के शिष्य तब मौजूद थे। जहाँ मलयपर्वत है, वहाँ पर तब हेमांगद देश था। वहाँ के राजा सत्यन्धर थे। उन्हीं के पुत्र राजकुमार 'जीवन्धर' थे। जैनशास्त्र इन्हें 'क्षत्रचूड़ामणि' कहते हैं। अब सोचिये, यह कितने वीर न होंगे। इन्होंने भारत में घूम कर अपने बाहुबल से अनेक राजाओं को परास्त किया था और अन्त में यह भगवान महावीर के निकट जैनमुनि हो गये थे।

× × ×

मगध में श्रेणिक के बाद उनका पुत्र "अजातशत्रु" हुआ था। प्राचीन भारतीय इतिहास में यह एक प्रसिद्ध और पराक्रमी सम्राट् के रूप में उल्लिखित है। इसने मगध साम्राज्य को दूर-दूर तक फैलाया था और उस समय के प्रमुख गणराज्य 'वृजिसङ्घ' से लड़ाई लड कर उसे अपने आधीन कर लिया था। इसकी वीरता के सामने बड़े-बड़े योद्धा कन्नी काटते थे। भगवान महावीर ने इसी के राजकाल में निर्वाण पद प्राप्त किया था।

× × ×

मल्ल, मोरिय आदि गणराज्यों में भी भगवान महावीर के अनुयायी अनेक वीर पुरुष थे। किन्तु उपरोल्लिखित चरित्र ही उस समय के जैनवीरों के महत्व को दर्शाने के लिए पर्याप्त

हैं। ये सब वीर-रत्न भगवान महावीर के अपूर्व प्रकाश को प्रदीप्त कर रहे थे। अपनी शूर-वीरता, त्याग-धर्म और देश-प्रेम के कारण इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा हुआ अमर है। हाँ, अभागे जैनी उनके नाम और काम को भूल कर कायर, ढोंगी और स्वार्थी बने रहें, तो यह कम आश्चर्य नहीं है।

—०—

(६)

नन्द साम्राज्य के जैन वीर

अजात शत्रु के बाद शिशुनागवंश में ऐसे पराक्रमी राजा न रहे जो मगध साम्राज्य को अपने अधिकार में सुरक्षित रखते। परिणाम इसका यह हुआ कि नन्द वंश के राजा मगध के सिंहासन पर अधिकार कर बैठे। इस वंश के अधिकांश राजा जैनधर्मानुयायी थे; ऐसा विद्वान अनुमान करते हैं।* किन्तु सम्राट् नन्दिवर्द्धन के विषय में यह निश्चित है कि वह एक जैन राजा थे।† महानन्द यद्यपि अपनी धार्मिक कट्टरता के लिये प्रसिद्ध था, परन्तु एक शूद्रा कन्या से विवाह करने पर वह ब्राह्मणों की दृष्टि से गिर गया था। फलतः वह और उस के पुत्र महापद्म का जैन होना सम्भव है। अस्तु,

× × ×

* अर्ली हिस्ट्री आफ इण्डिया, पृ० ४५-४६

† जर्नल आफ दी बिहार एण्ड ओरीसा रिसर्च सोसाइटी भा १३ पृ० २४५

"नन्दिवर्द्धन" वस्तुतः एक पराक्रमी राजा था। वह अपनी माता की अपेक्षा लिच्छिवि वंश से सम्बन्धित था। मगध साम्राज्य पर उसने ४० वर्ष राज्य किया और इस (४४६-४०६ ई० पू०) अवधि में उसने अवन्ति राज को परास्त किया, दक्षिण-पूर्व व पश्चिमीय समुद्रतटवर्ती देश जीते, उत्तर में हिमालय-वर्ती प्रदेशों पर विजय प्राप्त की और काश्मीर को भी अपने अधिकार में कर लिया। कलिङ्ग पर भी उसने धावा किया और उसमें भी सफल हुआ। इस विजय के उपलक्ष में वह कलिङ्ग से श्री ऋषभदेव की मूर्ति पाटलिपुत्र ले आया था। किन्तु नन्दिवर्द्धन का महत्व श्रेणिक की तरह पारस्यराज्य का अन्त भारत से कर देने में गर्भित है। इस अन्तर में पारस्यनृप ने तक्षशिला के पास अपना पाँव जमा लिया था; परन्तु नन्दिवर्द्धन ने उसका अन्त करके भारत को पुनः स्वाधीन बना दिया और इस सुकार्य के लिए उनका नाम भारतीय इतिहास में अमर रहेगा।

× × ×

नन्दिवर्द्धन के अनुरूप ही "महानन्द" और "महापद्म" भी पराक्रमी राजा थे। इन्होंने कौशाम्बी, श्रावस्ती, पाञ्चाल, कुरु आदि देशों को जीत लिया था।

× × ×

इनके बाद नव (नूतन) नन्दों में अन्तिम "नन्दराज" भी जैन थे। इनके महा अमरत्य राक्षस थे, जो जीवसिद्धि नामक

जैन-मुनि (क्षपणक) का आदर करते थे। सम्राट् चन्द्रगुप्त के विरुद्ध यह दोनों वीर बडी बहादुरी से लड़े थे। किन्तु इसमें वह विजयी न हुये; बल्कि नन्दराज तो मारे गये और राक्षस को चन्द्रगुप्त ने अपने पक्ष में कर लिया।

—०—

(७)

मौर्य्य-साम्राज्य के जैन शूर।

नन्दों के बाद मौर्य्य राजागण मगध साम्राज्य के अधिकारी हुए। यह सूर्यवंशी क्षत्री थे और इसके पहले इनका गणराज्य "मोरिय-तन्त्र" के रूप में हिमालय की तराई में मौजूद था। उस समय मौराख्य अथवा मोरिय देश में भगवान महावीर का विहार और धर्मोपदेश कई बार हुआ था। उसी का परिणाम था कि उनमें से अनेक वीर पुरुष भगवान महावीर की शरण आये थे। भगवान महावीर के दो खास शिष्य—गणधर मौर्य ही थे।

× × ×

इस मौर्य्यवंश के राजकुमार "चन्द्रगुप्त" ही मगध साम्राज्य के अधिपति हुए थे और यह सम्राट् अपने नाम और काम के लिए न केवल भारतीय इतिहास में अपितु संसार के प्राचीन इतिहास में अद्वितीय हैं। चन्द्रगुप्त ने अपने बाहुबल से पेशावर से कलकत्ता और सुदूर दक्षिण की सीमा तक अपना राज्य फैला लिया था। इन राज्य की अन्य विशेष बातों

में यह बात प्रमुख है कि इन्होंने यूनानी वीर सिकन्दर महान् के पीछे रहे प्रान्तीय यूनानी शासक को हिन्दुस्तान के सीमा-प्रान्त से मार भगाया था और भारतीय स्वाधीनता को अक्षुण्ण रक्खा था। इतना ही क्यों? किन्तु जब फिर सिल्यूकस नामक यूनानी बादशाह ने भारत पर आक्रमण किया, तो चन्द्रगुप्त ने उसे बुरी तरह हराया और सन्धि करने को बाध्य कर दिया। इस सन्धि के अनुसार चन्द्रगुप्त का राज्य अफ़गानिस्तान तक बढ़ गया और यूनानी राजकुमारी से उनका विवाह भी हो गया। इस प्रकार भारत और यूनान में गहन सम्बन्ध भी पहले पहल इनके राज्य में स्थापित हुआ और उनका यह सब गौरव जैनधर्म का गौरव है, क्योंकि वह जैनधर्म के भक्त थे। प्रख्यात् श्रुतकेवली भगवान् भद्रबाहु के शिष्य थे।

आज चन्द्रगुप्त के जैनत्व को बड़े-बड़े ऐतिहासज्ञ मानते हैं और विक्रमीय दूसरी-तीसरी शताब्दि के जैनग्रन्थ और सातवीं आठवीं शताब्दि के शिलालेख इस बात का समर्थन करते हैं। किन्तु इतने पर भी हाल मे इसके विरुद्ध आवाज़ फिर उठी यह आवाज़ श्री सत्यकेतु विद्यालङ्कार ने उठाई है और वह चन्द्रगुप्त मौर्य को जैन चन्द्रगुप्त न मान कर उनके प्रपौत्र सम्प्रति को जैन चन्द्रगुप्त मानते हैं*। इसके लिए वह जैन-ग्रन्थो को पेश करते हैं। किन्तु जिन अर्वाचीन ग्रन्थों के आधार से वह इस निर्णय पर पहुँचे हैं, वह उनसे प्राचीन ग्रन्थों से

*देखो 'मौर्य साम्राज्य का इतिहास' पृ० ४१५-४२५

याधित है। मोटी वात तो यह है कि यदि सम्प्रति के समय में भद्रबाहु जी को हुआ मान लिया जाय तो सारी जैनकाल-गणना ही नष्ट-भ्रष्ट हुई जाती है और यह हो नहीं सकता, क्यों कि 'त्रिलोकप्रज्ञप्ति' जैसे प्राचीन ग्रन्थ से इस काल गणना का समर्थन होता है और उधर हाथी गुफा का खारवेल वाला शिलालेख भी इसी वात का द्योतक है, क्योंकि उसमें उल्लिखित हुई सभा में अङ्गज्ञान के लोप होने का जिकर है। यदि ऐसा न माना जाय और सम्प्रति के समय में ही भद्रबाहु को हुआ माना जाय ता अङ्गज्ञान-धारियों का समय जैनाचार्य कुन्दकुन्द उमास्वाति आदि के वाद तक आ ठहरेगा, जो नितांत असम्भव है।

इस दशा में शायद यह प्रश्न किया जाय कि यदि सम्प्रति जैन चन्द्रगुप्त नहीं है, फिर पुण्याश्रव और राजावलीक थे में दो चन्द्रगुप्तों का उल्लेख क्यों है और क्यों दूसरे चन्द्रगुप्त को जैन लिखा है? उसका सीधा सा उत्तर यही है कि जिस प्रकार सिंहलीय बौद्ध लेखकों ने दो अशोकों का उल्लेख करके इतिहास में गड़बडी खड़ी की है, उसी तरह पीछे के इन जैन लेखकों ने अपने चन्द्रगुप्त और अशोक को बौद्धों के अशोक से भिन्न प्रकट करने के लिए, उनका उल्लेख अलग और भिन्न रूप में किया है। राजावलीक थे का आधार सिंहलीय इतिहास ही प्रतीत होता है*। अतः चन्द्रगुप्त मौर्य को जैन न मानना

*श्री सत्यकेतु जी की इस मान्यता का खण्डन विशेष रूप से हम

ठीक नहीं है। वह निस्सन्देह जैन थे। मेगस्थनीज़ भी उन्हें श्रमणोपासक (जैनमुनियों का भक्त) प्रकट करता है*।

× × ×

चन्द्रगुप्त की तरह ही उनके पुत्र "विन्दुसार" और पौत्र अशोक जैनधर्म से प्रेम रखते थे। इन सम्राटों ने किस पराक्रम और वीरता का परिचय दिया था, यह बात इतिहास-प्रेमियों से छिपी नहीं है। इन्होंने श्रवणबेलगोल (माईसूर) में जाकर चन्द्रगुप्त की स्मृति में मन्दिर आदि निर्माण कराये थे, जो आज तक वहाँ विद्यमान हैं†।

इसके बाद मौर्यसम्राट् "सम्प्रति" भी एक बाँके वीर और धर्मात्मा नर-रत्न प्रकट होते हैं। उन्होंने दक्षिण भारत-को विजय करके वहाँ आर्य संस्कृति और जैनधर्म का पुनरुद्धार किया था। नीच-ऊँच सब को जैनधर्म में दीक्षित करके अरब-ईरान आदि विदेशों में जैनधर्म का प्रचार किया था। इस तरह यह स्पष्ट है कि मौर्यकाल के अन्त समय तक जैनधर्म की प्रधानता मगधराजवंश में रही थी और मगध-नरेश ही भारत के भाग्य-विधाता रहे थे। उनकी छत्रछाया में भारत का भाग्य अवश्य ही चमकता रहा। अब कहिये, क्या यह जैन-वीरता का प्रभाव नहीं था?

प्रकट करने वाले हैं। इसी कारण हमने इस पुस्तिका में इसका उल्लेख मोटे तौरके से किया है।

*जनरल आव दी रायल ऐशियाटिक सोसाइटी, भा० ९ पृ० १७६

†जैन शिलालेख संग्रह, भू० पृ० ६५

(८)

सम्राट् ऐल खारवेल।

इतिहास से बहुत पहले की बात है। तब तक ब्राह्मणवर्ग ने आर्षवेदों को कलङ्कित नहीं किया था। वेदों के अनुसार यज्ञों के मिस से हिंसा नहीं की जाती थी। तब कौशल में हरिवंश का राजा दक्ष राज्य करता था। इला उसकी रानी थी। ऐलेय पुत्र और मनोहरी कन्या थी। दक्ष मनोहरी के रूप पर पागल हो गया। उसने उसे अपनी पत्नी बना लिया। रानी इला इस पर क्रुद्ध गई। उसने ऐलेय को बहका लिया और वे माता-पुत्र विदेश को चल दिये। वे दुर्गदेश में पहुँचे और वहाँ इलावर्द्धन नामक नगर बसा कर बस गये। इसके बाद ऐलेय अङ्गदेश में ताम्रलिप्त नामक नगरी की नींव जमाने में सफल हुए। फिर वह एक सच्चे जैनवीर के समान दिग्विजय को निकले। इस दिग्विजय में उन्होंने नर्मदा तट पर माहिष्मती नगरी की स्थापना की। उपरान्त अपने पुत्र कुणिम को राज्य दे कर मुनि हो गये। अब भला बताइये ऐसे साहसी और पराक्रमी पूर्वज को ऐलेय के वंशज कैसे भूलते? उन्होंने अप नाम के साथ प्रयुक्त होने वाले विरुदों में 'ऐल' विरद को रक्खा।

सम्राट् खारवेल के नाम के साथ 'ऐल' विरद का होना, उन्हें हरिवंशी प्रकट करने के लिए पर्याप्त है। तिस पर ऐल के शंधरों ने ही चेदिराष्ट्र की स्थापना विन्ध्याचल के सन्नि-

कट की और खारवेल ने अपने को 'चेदिवंशज' लिखा ही है। अतः साहसी वीर ऐलेय के वंशधर सम्राट् ऐल खारवेल थे, यह स्पष्ट है।

विन्ध्याचल के सन्निकट कौशला चेदिराष्ट्रकी राजधानी थी। वहीं से खारवेल के पूर्वज उस राज्य का शासन करते थे. किन्तु उनमें से क्षेमराज ने अन्तिम नन्दराज का हराकर कलिङ्ग पर अपना अधिकार जमा लिया और कुमारी पर्वत के निकट अपनी राजधानी बनाकर वह राज्य करने लगे। खारवेल इन्हीं के उत्तराधिकारी थे। वह कलिङ्ग के राजा थे और बाल्यकाल से ही साहस और विक्रम में अद्वितीय थे। राजनीति और धर्मज्ञान में भी वह अनूठे थे। पच्चीस वर्ष की नौजवानी में वह राजा हुये। अब उन्हें अपने पौरुष को प्रकट करने का चाव लगा। उन्होने भारत दिग्विजय की ठानली और निश्चय कर लिया कि मगध सम्राट् को परास्त करके उनसे अपने पूर्वजो का बदला चुकालें। बात यह थी, मगधराज ने पहले कलिङ्ग से उनके पूर्वजों को मार भगाया था और कलिङ्ग की प्रसिद्ध जिन मूर्ति वह ले गया था। तब मगध में शुङ्गवंशी राजाओं का अधिकार था। मगध के अपने पहले आक्रमण में खारवेल असफल रहे। वह रास्ते से ही वापस लौट आये और दूसरे आक्रमण की तैयारी में लग गये!

किन्तु मगध पर आक्रमण करने के पहले उन्होंने भूषिक, राष्ट्रीय क्षत्रियों और दक्षिणेश्वर शातकर्णि को युद्ध में परास्त

करके अपना लोहा जमा लिया। फिर वह मगध राज्य में पहुँचे और वहाँ के प्रबल राजा को भी बात की बात में परास्त कर दिया। इसके बाद वह अपनी राजधानी को लौट आये। इस प्रकार प्रायः सम्पूर्ण भारत में उनके प्रभुत्व की छाप लग गई थी। ठेठ दक्षिण के पाण्डय चेर आदि राज्यों ने भी उनका आधिपत्य स्वीकार कर लिया था। यही क्यों? बल्कि उनके प्रभुत्व की धाक विदेशी शासक दिमत्रय पर भी ऐसी पड़ी कि वह अपना बोरिया बंदना बाँध कर चम्पत हुआ।

अतः खाखेल भारत के सार्वभौम चक्रवर्ती और उद्धारक हो गये थे। उनके सग्राम-नैपुण्य और सैन्य-संचालन की दक्षता और शीघ्रता को देखकर विद्वान् उन्हें भारतीय-नैपोलियन मानते हैं। और इसमें शक नहीं कि वह अपने इन गुणों में नैपोलियन से भी कुछ अधिक थे। इस नैपोलियन और भारतोद्धार को जन्म देने का सौभाग्य भी जैनधर्म को प्राप्त है।

सम्राट् खाखेल ने जो शौर्य्य भारत-विजय में प्रकट किया, वैसा ही पौरुष उन्होंने धर्म कार्य करने में दर्शाया। वह एक व्रती श्रावक थे और उन्होंने कुमारी पर्वत पर यम-नियमों के द्वारा व्रताचारण का अभ्यास करके भेद विज्ञान को पा लिया था। उनकी दो रानिया थीं–(१) सिधुडा (२) वीजरघरवाली। यह भी उनकी तरह जैनधर्म की परमोपासक थी। इन सबने मिलकर कुमारीपर्वत पर अनेक जिनमन्दिर और जिनविम्ब (दिगम्बर) प्रतिष्ठित कराये और जैनमुनियों के लिये अनेक

गुफायें बनवाई थी। किन्तु धर्म प्रभावना का यथार्थ कार्य खारवेल कुमारी पर्वत पर जैनसंघ को एकत्र करके जिन-कल्याणकोत्सव मनाकर किया था उस समय जैनों के तीन प्रधान केन्द्र थे-(१) मथुरा (२) उज्जैनी (३) और गिरिनगर (जूनागढ़) इन केन्द्रों से प्रधान २ आचार्य वहाँ पहुँचे थे। तथापि देश के अन्य भागों से भी जैनी श्रावक और साधु एकत्र हुए थे। बड़ा आनन्द और समारोह हुआ था। इस साधु संघ ने लुप्तप्रायः अंग-ज्ञान में से 'विपाकसूत्र' के उद्धार' करने का प्रयत्न किया था। किन्तु अभाग्य से वह अब लुप्त हो रहा है। इसी समय देश के चारों कोनों में धर्मोपदेशक भेजकर खारवेल ने जैनधर्म की अपूर्व प्रभावना की थी!

उपरान्त कुमारी पर्वत पर ही समाधिमरण करके वह स्वर्गधाम पधारे थे। भारतीय इतिहास में उनसे वीर वही हैं!

—०—

(६)

भारतीय-विदेशी जैन वीर।

जैन सम्राट् खारवेल के बाद दस-बीस वर्ष तक कोई प्रभाव शाली जैनराजा नहीं हुआ, परन्तु तो भी जैनों का प्राबल्य देश में क्षीण नहीं हुआ था। जैनाचार्य देश भर में विहार करके धर्म प्रचार कर रहे थे। किन्तु भारतीय राष्ट्र में आपसी ऐंच-तान के कारण ऐक्य नहीं था। इसका परिणाम यह हुआ कि

इसी के वंश में 'क्षत्रिय रुद्रसिंह' हुये थे। वह निस्सन्देह जैनभक्त थे। उन्होंने जूनागढ़ पर जैनों के लिए गुफायें और मठ बनवाये थे।*

इस प्रकार जैनाचार्यों ने धर्म प्रभावना का वास्तविक रूप तब प्रगट कर दिया था! इन यूनानी शक आदि जाति के शासकों को 'म्लेच्छ' कहकर अधूत नहीं करार दे दिया था; बल्कि उनको जैनी बनाकर धर्म की उन्नति होने दी थी! यह जैनधर्म की वीर-शिक्षा का ही प्रभाव था कि जैनधर्म अपने प्रचार कार्य में सफल हुये थे।

—०—

(१०)

सम्राट् विक्रमादित्य।

सम्राट् विक्रमादित्य हिन्दू संसार में प्रख्यात् हैं। पहले वह शैव थे। उपरान्त एक जैनाचार्य के उपदेश से वे जैनधर्म भुक्त हो गये थे। उनका समय सन् ५७ ई० पू० है और वह अपने सम्वत् के कारण बहु प्रसिद्ध है। अब इनके व्यक्तित्व को विद्वज्जन ऐतिहासिक स्वीकार करने लगे हैं और वे उनका महत्व शक लोगों को मार भगाने में बतलाते हैं।† बात भी यही है! विक्रमादित्य मालवा के

---

* इंडियन एन्टीक्वेरी भा० २० पृ ३६३

† कांम्ब्रिज हिस्ट्री आफ इण्डिया भा १ १६७-१६८ व पृष्ट ५३२

राजा गर्दभिल्ल के पुत्र थे। शकनरेशों ने गर्दभिल्ल को परास्त कर दिया था। विक्रमादित्य प्रतिष्ठान में जा रहा था और वह आन्ध्रवंश का राजा था। उसने शकों को हराकर अपने पैतृक राज्य पर अधिकार जमाया था। विक्रमादित्य सा न्यायी और पराक्रमी राजा होना, सुगम नहीं है।

—o—

(११)

आन्ध्रवंशीय जैन वीर।

आन्ध्रदेश में जैनधर्म का प्रचार मौर्यकाल से बहुत पहले होगया था।* इसी वीर धर्म की आन्ध्र में प्रधानता होने के कारण, वहाँ अनेक शूरवीरों का प्रादुर्भाव हुआ था। आन्ध्रवंशी कई एक जैनधर्म के भक्त थे। सम्राट् 'शातकार्णि द्वितीय अथवा पुणमायि' एक जैनवीर थे।† इसी तरह इस वंश के हाल राजा का जैन होना सम्भव है। कहते हैं कि इन्होंने ही पुनः शकों को भगा कर अपना 'सालिवाहन-सम्वत्' चलाया था। 'साल' और 'हाल' शब्द पर्यायवाची हैं। ("शाला हालो मन्त्यभ हैं" –हेमे अनेकार्थ कोष)

—o—

---

* स्टडीज इन साउथ इंडियन जैनीज्म, भा० २ पृ०२

† जैन साहित्य संशोधक भा० १ अंक ४ पृ२०८

(१२)

वीर भवड़।

मथुरा से उत्तरपूर्व की ओर पाञ्चालय राज्य था। इसकी राजधानी कांपिल्य थी। विक्रम की पहली शताब्दि में वहाँ तपन नामक राजा राज्य करता था। वीर भवड़ इन्हीं के राज्य काल में हुये थे। वे एक प्रतिष्ठित जैन व्यापारी थे। इनका विवाह स्वयंवर की रीति से सुशीला नामक सेठ कन्या से हुआ था। वह सानन्द कालयापन कर रहे थे कि अचानक यवन लोगों का आक्रमण पाञ्चाल पर हुआ। यह आक्रमण सम्भवतः बादशाह महेन्द्र द्वारा हुआ था। भवड़ इस लड़ाई में बड़ी बहादुरी से लड़ा था; किन्तु आख़िर वह क़ैद कर लिया गया। यवन लोग उसे अपने साथ तक्षशिला ले गये। किन्तु यह वीर वहाँ भी अपने धर्म का पालन करता रहा। आख़िर धर्म प्रभाव से मुक्त होकर वह अपने देश को वापस चला आया। वज्रस्वामी के उपदेश से इसने शत्रुजय तीर्थ पर उत्सव रचा श्वेताम्बर सम्प्रदाय में यह वीर प्रसिद्ध है।*

—o—

(१३)

जैन राजा पुष्पमित्र।

सन् ४४५ ई० की बात है। गुप्तवंश के राजाओं की श्रीवृद्धि

---

* शत्रुजयमाहात्म्य।

का ज़माना था। स्कन्धगुप्त राज्य कर रहे थे। तब बुलन्दशहर के पास एक क्षत्रीवंश सन् ७८ ई० से राज्य करता आ रहा था। और उस समय पुष्पमित्र राजा शासवाधिकारी थे। यह राजा अपने पूर्वजों की भान्ति एक भक्तवत्सल जैन था। स्कन्धगुप्त ने इस पर भी धावा बोल दिया। राजा बहादुरी के साथ लडा; परन्तु सम्राट् स्कन्धगुप्त के समक्ष वह टिक न सका।*

—o—

(१४)

गुजरात के वल्लभी राजा।

गुप्त राजाओं के बाद गुजरात में वल्लभी वंश के क्षत्री राजा अधिकारी हुए थे। इस वंश के कई वीर नरेश जैनधर्मानुयायी थे। पाँचवीं शताब्दि में राजा "शिलादित्य" ने जैनधर्म ग्रहण किया था। इनकी राजधानी का नाम वल्लभी था। इसीवंश के राजा "ध्रुवसैन" प्रथम (५२६-५३५ ई०) के समय में श्वेताम्बराचार्य देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने श्वेताम्बर आगम ग्रंथों को लिपिवद्ध किया था। इस वंश के बाद गुजरात में चालुक्य और राष्ट्रकूटवंशों ने राज्य किया। इन वंशों के जैनवीरों का उल्लेख हम आगे करेंगे।

—o—

* व० प्रा० जैन स्मार्क पृ० १८७

(२५)

हैहय अथवा कलचूरि जैनवीर।

हरिवंश भूषण जैनवीर अभिचन्द्र द्वारा स्थापित चेदिवंश की ही एक शाखा हैहय अथवा कलचूरि थी*। वंश के मूल संस्थापक की भाँति इस शाखा के राजगण भी जैनधर्मानुयायी थे। विक्रम सं० ५५० से ७६० तक इस शाखा के राजाओं का अधिकार चेदिराष्ट्र (बुन्देलखण्ड) और लाट (गुजरात) में था। दक्षिण भारत में भी कलचूरि राजालोग सफल शासक थे और वहाँ जैनधर्म के लिए उन्होंने बड़े-बड़े कार्य किये थे।

इस वंश के एक 'राजा शङ्करगण थे'। इनकी राजधानी जबलपुर ज़िले का तेवर (त्रिपुरी) नगर था। यह जैनों में कुलपाक तीर्थ की स्थापना के कारण प्रसिद्ध हैं। किन्तु हैहयो में 'कर्णदेव' राजा प्रख्यात् थे। यह पराक्रमी वीर थे। इन्होंने कई लड़ाइयाँ लड़ीं थीं। मालवा के राजा भोज को इन्होंने परास्त किया था। गुजरात के राजा भीम से इनका मेल था। इनका विवाह हूणजाति (विदेशी) की आवल्ल देवी से हुआ था!†

—०—

(२६)

गुजरात के चालुक्य योद्धा।

गुजरात में सन् ६३४ से ७४० तक चालुक्य नरेश शासना

---

*बम्बई प्रा० जैनस्मार्क पृ० ११२–११४

† भारत के प्राचीन राज-वंश भा० १ पृ० ४८–५०

धिकारी रहे। इनके समय में जैनधर्म और साहित्य की विशेष उन्नति हुई थी! इस वंश के राजा 'कीर्तिवर्मा' 'विनयादित्य' 'विजयादित्य' और 'विक्रमादित्य' ने जैन संस्थाओं को दान दिया था। इनकी राजधानी बंकापुर जैनधर्म का केन्द्र था। वहाँ पाँच महाविद्यालयों की स्थापन हरिकेसरी देवने की थी किन्तु चालुक्यवंशमे 'सत्याश्रय पुलकेशी' द्वितीय के समान कोई भी प्रतापी राजा नहीं था।

—o—

(१७)

गुजरात के राष्ट्रकूट राजा।

सन् ७४३ ई० से गुजरात में राष्ट्रकूट राजाओं का अधिकार होगया। इस वंश के राजाओं द्वारा जैनधर्म की विशेष प्रभावना हुई थी। 'प्रभूतवर्ष द्वितीय ने जैनगुरु अर्ककीर्ति को दान दिया था। 'कर्कप्रथम' (८१२-८२१) ने नौसारी के जैन-मन्दिर को एक गाँव भेंट किया था। यह राजा वीरता में नाम पैदा करने के लिये किसी से पीछे नहीं रहे थे। सन् ९७२ ई० में गुजरात फिर चालुक्य राजाओं के अधिकार में चला गया था।

इसही समय 'चावड़वंश' का अधिकार भी गुजरात में रहा था। वनराज और योगराज प्रभृति राजा पराक्रमी थे। उन्होंने जैनधर्म को सहायता पहुँचाई और उसे धारण किया।*

*विशेष के लिये "जैनवीरो का इतिहास और हमारा पतन" देखिए.

(१८)

सोलंकी-वीर-श्रावक !

सन् ९७२ से चालुक्यों का अधिकार गुजरात पर होगया। यह वंश 'सोलङ्की' कहलाता था। मूलराज, चामुड़, दुर्लभ, भीम, कर्ण, सिद्धराज, जयसिंह आदि इस वंश के प्रारम्भिक राजा थे और इन्होंने जैनधर्म के लिए अनेक कार्य किये थे और लड़ाइयाँ तो एक नही अनेक लड़ी थीं।

किन्तु इनमें सम्राट् "कुमारपाल" प्रसिद्ध वीर थे। यह पहले शैव थे; परन्तु हेमचन्द्राचार्य के उपदेश से इन्होंने जैन-धर्म धारण कर लिया था। अब सोचिये पाठक वृन्द, यदि जैनधर्म की अहिंसा कायरता की जननी होती तो क्या यह सम्भव था कि कुमारपाल जैसा सुभट और पूर्व लिखित अन्य विदेशी लड़ाकू वीर उसे ग्रहण करते ? कदापि नहीं। किन्तु यह तो जैन-अहिंसा का ही प्रभाव था कि वॉके वीरों ने उसकी छत्रछाया-आह्लाद और शौर्यवर्द्धक पाई।

हॉ, तो सम्राट् कुमारपाल जैनी हो गये और इस पर भी उन्होंने बड़े-बड़े संग्रामों में अपना भुजविक्रम प्रकट किया। नागेन्द्रपतन के अधिपति कण्हदेव उनके बहनोई थे। कुमार-पाल को राजा बनाने में इन्होंने पूरी सहायता की थी; क्योंकि सिद्धराज के कोई पुत्र नहीं था और कुमारपाल उनका भाग्नेय था। इस सहायता के कारण ही कण्हदेव को कुछ न समझता था। और इसी उद्दण्डता के कारण कुमारपाल ने उसे यम-

लोक भेज दिया था। इसके अतिरिक्त कुमारपाल को सपादलक्ष के राजा से भी लडाई लड़नी पड़ी थी। चन्द्रावती का सरदार विक्रमसिंह भी कुमारपाल के विरुद्ध खड़ा हुआ था, किन्तु रणक्षेत्र में कुमारपाल के समक्ष उसे मुँहकी खानी पड़ी। इसके बाद कुमारपाल दिग्विजय के लिए निकले और उन्होंने मालवा के राजा को प्राण-रहित करके वहाँ अपना आतङ्क जमा दिया। उपरान्त चित्तौड को जीत कर, उन्होंने पञ्जाब और सिन्ध में अपना झण्डा फहराया। दक्षिण में कोङ्कण प्रदेश को जीतने के लिए उन्होंने अपने सेनापति अम्बड़ को भेजा था, परन्तु वह वहाँ सफल न हुआ। इस कारण दूसरा आक्रमण करना पड़ा और परिणाम स्वरूप कोङ्कणप्रदेश सोलङ्की-साम्राज्य का एक अङ्ग बन गया। इस प्रकार जैन होने पर भी कुमारपाल ने अपनी साम्राज्यवृद्धि की थी।

जैनधर्म की शरण में आने से कुमारपाल का वैयक्तिक जीवन एक नये ढाँचे में ढल गया था। जहां वह पहले नृशंस-मांस- भक्षक था, वहाँ वह अब दयालु और न्यायी निरामिष आहारी हो गया। जैनधर्म के संसर्ग से वह एक बड़ा अहिंसक वीर बन गया। उसने जो युद्ध लडे, वह न्याय का पक्ष लेकर। तथापि उसने 'अमारीघोष' एवं अन्य प्रकार से अहिंसाधर्म का विशेष प्रचार किया। यद्यपि उसने प्राणदण्ड उठा दिया था, परन्तु जीवहत्या करने वाले के लिए वही दण्ड लागू रक्खा था। मद्य, मांस, जुआ, शिकार आदि दुर्व्यसनों को

इन राजाओं में 'वीर धवल' पराक्रमी राजा था। प्रख्यात् जैनवीर 'वस्तुपाल महान्' इनके मन्त्री और सेनापति थे। वस्तुपाल के कनिष्ठभ्राता 'तेजपाल' थे। यह दोनों भ्राता उस समय जैनधर्म की नाक और बघेले-राज्य की जान थे। वस्तुपाल के राज प्रबन्ध में राजा और प्रजा दोनों सुखी थे। एक प्रत्यक्ष दर्शक ने तब लिखा था कि "वस्तुपाल के राज प्रबन्ध में नीची श्रेणी के मनुष्यों ने घृणित उपायों द्वारा धनोपार्जन करना छोड़ दिया था। बदमाश उसके सम्मुख पीले पड़ जाते थे और भलेमानस खूब फलते फूलते थे। सब लोग अपने २ कार्यों को नेक नीयती और ईमानदारी से करते थे। वस्तुपाल ने लुटेरों का अन्त कर दिया और दूध की दुकानों के लिए चबूतरे बनवा दिये। पुरानी इमारतों का उन्होंने जीर्णोद्धार कराया, पेड़ जमवाये, बग़ीचे लगवाये, कुये खुदवाये और नगर को फिर से बनवाया। सब ही जाति-पांति के लोगों के साथ उन्हाने समानता का व्यवहार किया।" देश खूब समृद्धि दशा को पहुँचा। इसका प्रमाण वस्तुपाल और तेजपाल के बनवाये हुये आबू के अद्वितीय जैन मन्दिर हैं। राष्ट्रकी सेवा के साथ ही इन दोनों भाइयों ने जैनधर्म के उत्थान में अपनी सेवाओं का संकोच नहीं किया था। धर्म प्रभावना के उन्होंने एक नहीं अनेक कार्य किये थे। श्वेताम्बर होते हुये भी दिगम्बर जैनों को उन्होंने भुलाया नहीं था। वे अच्छे साहित्यरसिक और कवि थे, इस कारण साहित्य की उन्नति भी इस समय अच्छी हुई थी!

वस्तुपाल निर्भीक और निशङ्क एक थे। स्वयं राजा के चाचा को सज़ा देने में वह चूके न थे। बात यह थी कि राजा के चाचासिंह ने एक जैनाचार्य का अपमान किया था। वस्तुपाल इस धर्म विद्रोह को सहन न कर सके। उन्होंने सिंह की उंगली कटवा दी। राजा उनके इस दुस्साहस पर खूब बिगड़ा परन्तु उसने इन्हें क्षमा कर दिया। बताइये, धर्म के लिये यह कितना महान् बलिदान था! किन्तु आज जैनियों में कोई उनका एक पासग भी दीखता है! नहीं; बस,यह भीरुता ही तो हमारे पतन का मुख्य कारण है। आओ, मेटो इस भीरुता को और फिर समाज में अनेक वस्तुपाल दिखाई पड़ें, यह प्रयत्न करो!

—०—

(२०)

वीर सुहृद्ध्वज।

मुसलमानों की सेना ने भारत में हाहाकार मचा दिया था। आगरा और अवध को वह फतह कर चुके थे। यह ११ वीं शताब्दी की घटना है। किन्तु मुसलमानों को अब आगे बढ़ जाना मुहाल हो गया था। इसकी एक वजह थी और वह वीर सुहृद्ध्वज के व्यक्तित्व में छिपी हुई है!

श्रावस्ती (सहेठ महेठ) में एक पुराने ज़माने से एक जैनधर्मानुयायी राजवंश राज्य करता आ रहा था! सुहृद्ध्वज उसीवंश के अन्तिम राजा थे। जब उन्होंने सुना कि मुसलमान हिन्दुओं

को लूटते-खसोटते बड़े ताव से बढ़े चले आ रहे हैं, तो यह चुप न बैठ सके। उनकी नसों में रक्त उबल उठा! जो कुछ सेना थी, उसे बटोर कर वह निकल पड़े हिन्दुओं की मान रक्षा के लिये। हाथिली गाँव में मुसलमान सेनापति सैयद सालार से उनकी मुठभेडे हुई। बड़ा घमसान युद्ध हुआ और विजय श्री सुहृद्ध्वज के गले पडी! मुसलमान अपना सा मुँह लेकर भाग गये!

हिन्दुओं की लाज रह गई, जैनवीर सुहृद्ध्वज के बाहुबल से। लोग बडे प्रसन्न हुये! किन्तु अभाग्य से सुहृद्ध्वज अपने शील धर्म को गंवाने के कारण राज्य से भी हाथ धो बैठे। कुछ भी हो, उनका नाम तो भी एक 'हिन्दू-रक्षक' के नाते अमर है!

—o—

(२१)

चन्देले-जैनी-वीर।

आला और ऊदल के नाम से हिन्दुओं का बच्चा-बच्चा परिचित है। चन्देले-वंश इन्हीं से गौरवान्वित है। सौभाग्य-वशात् इस चन्देले वीर-कुल से जैनधर्म का सम्पर्क रहा है। चन्देरी में चन्देलों के राजमहल के निकट आज भी अनेक जैनमूर्तियां देखने को मिलती हैं। सन् १००० में यह राजवंश उन्नति की शिखर पर था। इस वंश में सब से प्रसिद्ध राजा

'धङ्ग' (९५०-९९९) और 'कीर्तिवर्मा' (१०४९-११००) थे। राजा धङ्ग के राज्यकाल में जैनी उन्नति पर थे। खुजराहो में इन्हीं राजा से आदर प्राप्त सूर्यवंशी 'वीर पाहिल' ने सन् ९५४ में जिनमन्दिर को दान दिया था। किन्तु अभाग्यवश इन वीरों की कीर्तिगरिमा कराल काल के साथ विलुप्त होगई है।

—०—

(२२)

परमार वंशीय जैन-राजा।

परमारवंश की नींव 'उपेन्द्र' नामक सरदार ने ई० नवी शताब्दि में डाली थी। कहते हैं इसीने ओसियापट्टन नगर बसाया था और वहाँ अपने बाहुबल से यह राज्य जमा बैठा था। जैनाचार्य के उपदेश से यह अन्य राजपूतों सहित जैनी हो गया था। ओसवाल जैनी अपने को इसी का वंशज बताते हैं।

दशवीं शताब्दि में परमारों का आधिपत्य मध्यभारत में था और धारा उनकी राजधानी थी धारा के परमार राजाओं की छत्रछाया में जैनधर्म भी विशेष उन्नत था। प्रसिद्ध 'राजाभोज' इसी वंश में हुआ था। इसने अनेक जैनाचार्यों का आदर-सत्कार किया था और कहते हैं कि अन्त में यह जैनी हो गया था। यह जितना ही विद्या-रसिक था, उतना ही वीर-पराक्रमी भी था।

परमारवंश में राजा 'नरवर्मा' भी प्रसिद्ध वीर थे। इन्होंने जैनाचार्य वल्लभसूरि के चरणों में सिर झुकाया था।

(२३)

कच्छप वीर विक्रमसिंह ।

राजा भोज के सामन्त कच्छपवंश (कछवाहा) के राजा अभिमन्यु चड़ोभनगर में राज्य करते थे। इनका नाती विक्रम-सिंह था। उसने दूबकुण्ड के जैनमन्दिर को दान दिया था। इससे प्रगट है कि वीर कछवाहों के निकट भी जैनधर्म आदर पा चुका है।

—०—

(२४)

वीर राजा ईल ।

दशवीं शताब्दि के लगभग बद्राडप्रान्त में ईल नामक राजा प्रसिद्ध होगया है। यह राजा जैनधर्मानुयायी था। ईलिचपुर नामक नगर इसी ने बसाया था। किन्तु मुसलमानों से अपने देश की रक्षा करता हुआ, यह वीरगति को प्राप्त हुआ था।

—०—

(२५)

भंजवंश के जैन राजा

सन् १२०० ई० के ताम्रपत्रों से प्रगट है कि मयूरभंज (बङ्गाल) के भंजवंश के राजाओं ने जैनमन्दिरों को बहुत से गाँव भेंट किये थे। इस वंश के संस्थापक वीरभद्र थे, जो एक

विशेष वर्णन "जैनवीरों का इतिहास और हमारा पतन" (पृ० ९९–१०२) नामक पुस्तक में देखिये।

—०—

(२७)

हस्तिकुंडी के राठौड़ वीर।

हस्तिकुण्डा (राजपूताना) में सन् ९१६ ई० से 'विदग्धराज' राज्य करता था। यह राठौडवीर जैनधर्मानुयायी था। इसका पुत्र 'मम्मट' भी जैनधर्मभुक्त था। मम्मट का पुत्र 'धवल' पराक्रमी जैनराजा था। वह हस्तिकुण्डी के राठौडवंश का भूषण था। मेवाड पर जब मालवा के राजा मुञ्ज ने आक्रमण किया, तब यह उससे लडा था। सांभर के चौहान राजा दुर्लभराज से नाडौल के चौहानराजा महेन्द्र की इसने रक्षा की थी। धरणीवराह को इसने आश्रय दिया था। सारांशतः धवल जैसे जैनवीर में यह परोपकार और साहसी वृत्ति होना स्वाभाविक था। जैनधर्म की भी इसने उन्नति की थी।

—०—

(२८)

जैनवीर कक्कुक।

मंडोर (राजपूताने) में 'प्रतिहारवंश' के राजा राज्य करते थे। उनमें अन्तिम राजा 'कक्कुक' बड़ा पराक्रमी था। यह जैनधर्मानुयायी था। इसके दो शिलालेख वि० सं० ९१८

के मिले है,जिन से प्रकट है कि "उसने अपने सच्चरित्र से मरु, माड़, वल्ल, तमणी, अज्ज (आर्य) एवं गुर्जरत्रा के लोगों का अनुराग प्राप्त किया, वड़णाणयमण्डल में पहाड़ पर की पल्लियों (पालों, भीलों के गाँवों) को जलाया; रोहित्सकूप (घटियाले) के निकट गाँव में हट्ट (हाट) बनवा कर महाजनों को वसवाया; और मंडोर तथा रोहित्सकूप गाँवों में जयस्थम्भ स्थापित किये। ककुक न्यायी, प्रजापालक एवं विद्वान् था।"

—०—

(२६)

मेवाड़-राज्य के वीर !

मेवाड़ के राणावंश की उत्पत्ति उसी वंश से है, जिसमें प्रथम तीर्थङ्कर भगवान ऋषभदेव ने जन्म लिया था। अतः इस वंश से जैन धर्म का सम्पर्क होना स्वभाविक है। कर्नल टॉड सा० का कहना है कि राणावंश—गिल्हौत कुल के आदि पुरुष जैनधर्म में दीक्षित थे। इस वंश में आज भी जैनधर्म को सम्मान प्राप्त है!

राणाओं के सेनापति और राज मन्त्री होने का सौभाग्य कई एक जैनवीरों को प्राप्त था। उनमें 'भामाशाह' विशेष प्रसिद्ध हैं। इन्होंने महाराणा प्रताप की उस अटके में सहायता की थी, जब वह निरुपाय हो देश से मुख मोड़ कर चले थे। भामाशाह ने प्रताप के चरणों में अपनी अतुल धनराशि उलट

पड़ कर आज तुम्हारा आश्रय चाहता है, इसको आश्र दो—इसको आश्रय देने से भगवान् के आशीर्वाद से तुम्हारे गौरव की वृद्धि होगी।" आशाराह ने माँ का कहना न टाला और निशङ्क होकर राजकुमार को अपने पास रख लिया* !

इस प्रकार आशाराह ने केवल मेवाड़ के राणावंश को मिटने से बचाया; बल्कि हिन्दू पति वीर श्रेष्ट राणा प्रताप को जन्म देने का श्रेय भी उन्हीं को प्राप्त है! आशाशाह और उसकी माँ की वीरता और स्वामी-भक्ति आज कहां देखने को मिलेगी! पर हाँ, वह मुर्दा दिलों में उत्साह की लहर उठाये विना न रहेगी!

—०—

(३०)

बीकानेर राज्य के जैन वीर।

युवराज बीका ने जिस समय (सन् १४८८ ई० में) बीकानेर बसा कर अपने लिये एक नये राज्य की नींव डाली, तो चौहान वीर 'बच्छराज' भी उनके साथ था। वह भी सकुटुम्ब इस नये राज्य में आकर बस गया! यह जैनधर्मानुयायी था और दिलावर वीर था। राजकुमार बीकानेर का साथ इसने बराबर लड़ाइयों में दिया था। इस वीर पुरुष की स्मृति में ही बीकानेर के 'बच्छावत वंश' का जन्म हुआ था।

---

*टॉड कृत राजस्थान (व्यङ्कटेश्वर प्रेस) भा. १ पृ. २७८

बीकानेर की श्रीवृद्धि के साथ-साथ बच्छावतों का यश और प्रभाव भी बढ़ने लगा था। उन्हें बीकानेर राज्य की दीवान पदवी प्राप्त थी और उनमें ऐसे अनुभवी और विद्वान् नर-रत्न उत्पन्न हुए, जिन्होंने 'अपनी बुद्धि और कार्यकुशलता से केवल राजकार्यों को ही नहीं किया, किन्तु सैनिक कार्यों में भी बड़ी प्रवीणता दिखलाई'। इनमें 'वरसिंह' और 'नगराज' दो प्रसिद्ध वीर थे। इन्होंने मुसलमानों से लड़ाइयाँ लड़ी थीं और जैनधर्म प्रभावना के अनेक काय किये थे।

× × ×

इस वंश का अन्तिम महापुरुष 'करमचन्द' राव रायसिंह का दीवान था। जयपुर राज्य से इसने सन्धि करके बीकानेर राज्य की रक्षा की थी। किन्तु हठी और अपव्ययी रायसिंह ने राज्य के सच्चे हितैषी कर्मचन्द को नहीं पहचान पाया। कर्मचन्द की सुनीति पूर्ण शिक्षा के कारण रायसिंह उससे रुष्ट हो गया और उसने उसे मरवा डालने का हुक्म चढ़ा दिया। कर्मचन्द इस हुक्म की खबर पाते ही दिल्ली भाग गया और अकबर की शरण में जा रहा। अकबर का ध्यान जैनधर्म की ओर उसी ने आकर्षित किया। अकबर के कोषाध्यक्ष टोडरमल जी और दरबारी थिरोशाह भनसाली भी जैनी थे। इनके सहयोग को पाकर उसने बादशाह से जैनधर्म के लिए अनेक कार्य कराये थे। कर्मचन्द अपने दो पुत्रों भागचन्द और लक्ष्मीचन्द को छोड कर दिल्ली में ही स्वर्गवासी हो गया था।

× × ×

थे। सन् १८०५ में इन्होंने भाटी सरदार ख़ान ज़ाब्ता खाँ को भटनेर के किले में घेर लिया। पांच महीने की लड़ाई के बाद ख़ान ने क़िला छोड़ दिया। महाराज ने प्रसन्न हो अमरचन्द्र को अपना दीवान नियुक्त कर लिया। सन् १८०८ में जोधपुर नरेश ने बीकानेर पर आक्रमण किया। अमरचन्द्र ही इस सेना से मोर्चा लेने गये। घपरी के मैदान में घोर युद्ध हुआ; किन्तु अन्त में सन्धि हो गई।*

—o—

(३१)

जोधपुर राज्य के वीर-श्रावक।

जोधपुर के राजवंश से जैनधर्म का सम्पर्क रहा है। प्राचीन राठौड़ वीरों ने जैनधर्म को खूब अपनाया था, किन्तु जोधपुर-वंश में वह बात तो नहीं पर हाँ, महाराज रायपाल जी-पुत्र 'मोहनजी' का सम्बन्ध जैनधर्म से प्रमाणित है। इन्होंने जैनसाधु शिवसेन के उपदेश से जैनधर्म ग्रहण कर लिया था और अपना दूसरा विवाह एक ओसवाल जैनकन्या से किया था। इन्हीं की सन्तान मोहणेत ओसवाल जैनी है।*

× × ×

मोहणेत ओसवालों में 'कृष्णदासजी' उल्लेखनीय वीर थे। कहने को यह महाराज मानसिंह के मन्त्री थे, परन्तु सच

× × ×

* विशेष के लिए देखो "जैनवीरों का इतिहास और हमारा पतन।"

पूछिये तो उस समय राज्य यही करते थे; क्योंकि मानसिंह तो अपने यवन स्वामियों की सेवा में व्यस्त रहते थे। इन्होंने नवाव अब्दुल्ला खाँ से युद्ध किया था।

भण्डारी वंश के जैन वीरों के मारवाड़ (जोधपुर) राज्य सम्बन्धी सेवाओं का हम पहले ही उल्लेख कर चुके हैं। किन्तु मारवाड़ राज्य के दो जैन सेनापति प्रसिद्ध हैं। ये हैं (१) इन्द्रराज और (१) धनराज। ये दोनों वीर ओसवाल जाति के सिंघवी कुल में उत्पन्न हुये थे। इन्द्रराज ने बीकानेर और जयपुर राज्य से लड़ाइयां लड़ी थी।

× × ×

मारवाड़ के महाराज विजयसिंह ने सन् १७८७ में अजमेर को फिर मरहठों से जीत लिया, तो उन्होंने धनराज को वहाँ का शासक नियुक्त कर दिया। किन्तु इस घटना के तीन-चार वर्ष बाद ही मरहठो ने अजमेर को फिर आ घेरा। मरहठों का जेनरल डीवॉमन नामक फ्रेञ्च सैनिक था। धनराज के पास यद्यपि थोड़ीसी सेना थी, किन्तु उन्होंने बड़ी चतुराई से शत्रु का सामना किया। उधर विजयसिंह ने पाटन युद्ध के बुरे परिणाम के कारण यह हुक्म भेजा कि अजमेर छोड़ कर धनराज चले आयें। भला, एक वीर योद्धा क्या इस तरह शत्रु को पीठ दिखा सकता था? कदापि नहीं! परन्तु धनराज राजा का भी उल्लङ्घन नहीं करना चाहता था। अतः उसने अपने प्राणों को देश के नाम पर निछावर कर दिया और उसके

जैनधर्मानुयायी था। इस दीवान का नाम और काम आज अज्ञातकाल महाराज की स्मृति में सुरक्षित है।

—o—

(३४)

धर्मवीर बाबू धर्मचन्द्रजी।

कविवर वृन्दावन जी जैन समाज में प्रख्यात् हैं। आपके ही पिता बाबू धर्मचन्द्र जी थे। वह काशीजी में बावर शहीद की गली में रहते थे। बड़े भारी धर्मात्मा और गण्य-मान्य पुरुष थे। शरीरबल में काशी का कोई भी वीर उनका सामना नहीं कर पाता था। एक बार गोपालमन्दिर के अध्यक्ष जैनियों के पञ्चायती मन्दिर का मार्ग बन्द करने पर उतारू हो गये। रात भर में उन्होंने वहाँ एक दीवार खड़ी कर दी। जैनी दौड़े हुए बाबू जी के पास आये और वारदात कह सुनाई। उनका धार्मिक जोश उमड़ पड़ा। वह उठ खड़े हुए और जाकर देखा, डेढ़ आदमी के बराबर ऊँची दीवार खड़ी है। झट, छलांग मार कर वह उस पर चढ़ बैठे और लातों-घूसों से ही उसको चकनाचूर कर डाला। ब्राह्मण भी लाठियाँ लेकर उन पर टूट पड़े; पर धर्मचन्द्र जी भी तैयार थे। उन्होंने लाठी उठा कर उन्हें ललकारा! मारते खाँ का सामना करने को फिर भला कौन टिकता? बाबू जी ने अपने शौर्य से यह संकट पल भर में दूर कर दिया। धर्म के लिए मर मिटने की साध को हीं

मानो उन्होंने अपने उदाहरण से हमारे सम्मुख उपस्थित कर दिया।

—o—

(३५)

दक्षिण भारत के जैनवीर।

भगवान ऋषभदेव जी के पुत्र 'बाहुबलि' थे। उन्हें दक्षिण भारत का राज्य मिला था। पोदनपुर उनकी राजधानी थी। वह बाँके दिलावर वीर थे। 'सम्राट् भरत' उनके सगे भाई थे, परन्तु उनका करद होना, उन्होंने क्षत्री आन के विरुद्ध समझा। भरत ने पोदनपुर को जा घेरा। दोनों ओर की सेनाएँ सज-धज कर मैदान में आ डटीं। युद्ध छिड़ने ही को था कि इसी समय राजमन्त्रियों की सुबुद्धि ने निरर्थक हिंसा को रोक दिया। मन्त्रियों ने कहा, 'राजकुमार परस्पर एक दूसरे के बलका अन्दाजा लगा लें, तो काम थोडे में ही निपट सकता है।' भरत और बाहुबलि को भी प्रजा का रक्त बहाना मंजूर न था। उन्हों ने मन्त्रियों की बात मान ली! प्रजा वत्सल वे दोनों नरेश अखाडे में उतर पडे। मल्ल युद्ध हुआ—नेत्र युद्ध हुआ—'तलवार के हाथ निकाले गये'—पर किसी में भी भरत बाहुबलि को पगस्त न कर सके! क्रोध में वह उबल उठे। झट अपना सुदर्शन चक्र भाई पर चला दिया। लेकिन वह भी कामयाब न हुआ। भरत की तरह क्रोध में वह अधा न था। कुल घात

अर्थात् ईसवी पूर्व आठवीं शताब्दि की बात है। उसमें यह भी लिखा है कि करकण्डु चम्पा का राजा था और उसने अपनी दिग्विजय में दक्षिण के इन राजवंशों से घोर युद्ध किया था; किन्तु जब उसे यह मालूम हुआ कि यह जैनी हैं, तो उसे बडा परिताप हुआ। उसने उनसे क्षमायाचना की और उनका राज्य वापस उन्हें सौंप दिया। अतः कहना होगा कि दक्षिण के वीरों ने जैनधर्म को कल्याणकारी जानकर एक प्राचीनकाल में उसे ग्रहण करलिया था और कल तक वहाँ पर जैनवीरों का अस्तित्व मिलता रहा है। अब भला बताइये,इन असंख्यात् वीरों का सामान्य उल्लेख भी इस निबन्ध में किया जाना कैसे सम्भव है? किन्तु सुदामा जी के मुट्ठी भर तन्दुलवत् हम भी यहां थोड़े से ही सन्तोष कर लेंगे।

२—विन्ध्याचल पर्वत के उस ओर का भाग दक्षिण भारत ही समझा जाता है। ठेठ दक्षिण देश तो चोल। पाण्ड्य, चेर आदि ही थे! किन्तु अभाग्यवश उस समूचे देश का प्राचीन इतिहास अर्थात् सन् २२५ से सन् ५५०ई० तक का इतिहास अज्ञात है। उपरान्त छठी शताब्दि के मध्य में हम वहां "चालुक्यों" को राज्य करते पाते हैं। चालुक्य राजवंश ने उत्तर से आकर द्रविड देश पर अधिकार जमा लिया था। इस वंश का संस्थापक "पुलकेशी प्रथम" था' जिसने बीजापुर जिले के बादामी (वातापि) नगर को अपनी राजधानी बनाया था!

चालुक्यनरेशों के समय में जैन धर्म उन्नति पर था। इस

वंश में सत्याश्रय पुलिकेशी द्वितीय के समान प्रतापी राजा दूसरा नहीं था। ऐहोल के जैनमंदिर से इसका एक शिलालेख मिला है। उसमें लिखा है कि 'महाराजाधिराज सत्याश्रय ने कौशल, मालवा, गुजरात, महाराष्ट्र, लाट, कोङ्कण, काञ्ची आदि देशों को अपने राज्य में मिलाया था। मौर्य, पल्लव, चोल, केरल आदि राजाओं को पराजित किया था। जिन राजाधिराज हर्ष के पादपद्मों में सैकड़ों राजा नमते थे, उनको भी इसने परास्त किया। राष्ट्रकूट राजागोविन्द को भी इसने हराया। इस महान् वीर का कृपापात्र कवि कालि दास की बराबरी करने वाला जैन कवि "रविकीर्ति" था।

यद्यपि आठवीं शताब्दि के मध्यभाग में राष्ट्रकूटों ने दक्षिण में चालुक्यों के राज्य की इति श्री कर दी थी, परन्तु दशमी शताब्दि के अंतिम भाग में चालुक्यों के तैल नामक राजा ने फिर उसकी जड़ जमा दी थी। इनमें "जयसिंह प्रथम" नामक राजा प्रसिद्ध है। बलिपुर में शान्तिनाथ भगवान की इसने प्रतिष्ठा कराई थी। जैनाचार्य वादिराज की इसने सेवा की थी।

३—राष्ट्रकूट राजवंश प्रारंभ से ही जैधर्म का संरक्षक रहा है। इस वंश के प्रायः सबही राजाओं ने जैनधर्म को अपनाते हुये देश के लिये ऐसे ऐसे कार्य किये हैं, कि उनके लिये स्वतः मस्तक नत हो जाता है। यहां पर हम इस वंश के प्रख्यात् राजा अमोगवर्ष का परिचय कराना ही पर्याप्त समझते हैं।

"अमोघवर्ष" गोविन्द तृतीय के पुत्र थे। शायद इनका

गोला में समाधिमर्ण किया। उपरान्त चालु का राज्याधिकारी हुये।

चालुक्यों के समय में राष्ट्रकूट के वंशज उनके करद थे। यह 'सौन्दति के शासक' और जैनी थे। 'पृथ्वीराम, पिट्ठुग, शान्ति वर्मा,' आदि इनके नाम थे और यह सामन्त कहलाते थे। उपरान्त इन्होंने 'वेणुग्राम' (वेलगाम) को अपनी राजधानी बनाया था। इन राह राजाओं ने सन् १२०८ में गोआ को अपने अधिकार में कर लिया था। इन्होंने ही वेलगाम का क़िला बनवाया था।

४—'गङ्ग वंश' के राजा मैसूर में ई० चौथी शताब्दि से ग्यरहवीं शताब्दि तक राज्य करते रहे। राष्ट्रकूटों की तरह यह भी जैनधर्म के बड़े भारी उपासक थे। राष्ट्रकूटों और गङ्ग राजाओं की घनिष्टता भी अधिक थी। इनकी पहली राजधानी कोलार और फिर तलकाड थी। इस वंश की स्थापना जैनाचार्य "सिंहनन्दि" की सहायता से हुई थी। ददिग और माधव नामक दो राजकुवर दक्षिण की ओर भटकते २ पहुँचे। सिंहनन्दि जी से उनकी भेंट हो गई। आचार्य ने उन्हें अपनी शरण में ले लिया और उनसे कहा—"यदि तुम अपनी प्रतिज्ञा भङ्ग करोगे, यदि तुम जिन शासन से हटोगे, यदि तुम पर स्त्री को ग्रहण करोगे, यदि तुम मद्य व मांस खाओगे, यदि तुम अधर्मी का संसर्ग करोगे, यदि तुम आवश्यक्ता रखने वालों को दान न दोगे, और यदि तुम युद्धमें भाग जाओगे, तो तुम्हारा

वंश नष्ट हो जायगा।" ददिग और माधव ने जैनाचार्य की इस आज्ञा को शिरोधार्य किया और उनकी कृपा से राज्याधिकारी बन गये। यह ईसवी दूसरी शताब्दि की घटना है और आठवीं शताब्दि में यह राजवंश उन्नति की शिखर पर पहुँच गया था।

गङ्गवंश में "मारसिंह राजा" बहुत प्रसिद्ध था। यह बडा पराक्रमी और वीर था। इसने राठौड़राजा कृष्णराज तृतीय के लिये उत्तर भारत के प्रदेश को विजय किया था, इसलिये यह गुर्जर राज भी कहलाता था। किरातों, मथुरा के राजाओं, वनवासी के अधिकारी आदि को इसने रणक्षेत्र में परास्त किया था। नीलाम्बर के राजाओं को नष्ट करने के कारण यह "वोलम्बकुलांतक" कहलाता था। इस प्रकार रणवांकुरा होने के साथ ही यह एक धर्मात्मा नर रत्न था। जैनधर्म प्रभाव के लिये इसने कई स्थानों पर मन्दिरादि बनवाये थे। अन्त में इसने वंकापुर जाकर श्री अजित सेनाचार्य के चरणों का आश्रय लिया था और यहीं समाधिमरण किया था। "रायमल्ल चतुर्थ" इसके उत्तराधिकारी और इन्हीं के समान पराक्रमी और धर्मात्मा राजा थे।

उपरोक्त दोनों गङ्गनरेश के मंत्री और सेनापति "वीरवर चामुण्डराय थे। यह ब्रह्म-क्षत्र कुलके भूषण थे और अपने रण-कौशल एक राजनीति के लिये अद्वितीय थे इनकी आयु का बहुत भाग रणक्षेत्र में ही बीता था, पर तो भी यह धर्म और

की खूब श्रीवृद्धिकी थी। यह "महामण्डलेश्वर, समाधिगत पञ्चमहाशब्द, त्रिभुवनमल्ल द्वारावतीपुरवराधीश्वर, यादव-कुलाम्बर धु मणि,समयक्त्वचूडामणि, मलपरोन्गण्ड,तलकाडु-कोङ्ग-नङ्गलि-कोट्लूर-उच्छङ्गि-नोलम्बवाडि-हानुगल-गोण्ड, भुज-बल, वीराङ्गद आदि प्रतापसूचक पदवियों के धारक थे। इन्होंने इतने दुर्जय दुर्ग जीते, इतने नरेशों को पराजित किया व इतने आश्रितों को उच्च पदों पर नियुक्त किया कि जिससे ब्रह्मा भी चकित हो जाता है !" इनकी रानी शान्तल देवी भी परम जिन भक्त थीं।

"जिस प्रकार इन्द्र का वज्र बलराम का हल, विष्णु का चक्र, शक्तिधर व अर्जुन का गाण्डवी, उसी प्रकार विष्णुवर्द्धन नरेश के "गङ्गराज" सहायक थे।" गङ्गराज इनके मंत्री और "सेनापति" थे। यह कौंडिन्य गोत्रधारी बुधमित्र के सुपुत्र थे और जैनों के मूलसंघ के प्रभावक थे। यहां तक कि धर्म क्षेत्र में इनका आसन चामुण्डराय से भी बढ़ा चढ़ा है। इनकी निम्न उपाधियाँ इनके सुकृत्य और सुकीर्ति का खुले पृष्ठ की तरह उपस्थित करती है—

'समाधिगण पञ्चमहाशब्द, महासामन्ताधिपति,महाप्रचंड नायक, वैरिभयदायक, गोत्रपवित्र, बुधजनमित्र, श्री जैनधर्मा मृताम्बुधिप्रवर्द्धन सुधाकर, सम्यक्त्वरत्नाकर, आहार भयभैष-ज्यशास्त्रदान विनोद, भव्यजन हृदयप्रमोद, विष्णुभुवर्द्धनभूपाल होय्सल महाराजराज्याभिषेक पूर्णकुम्भ, धर्महर्म्योधरणमूलस्थ-

म्भ और द्रोहधरह ! अब बताइये इस पराक्रमी, धर्मिष्ठ और विद्वान् का परिचय इन पंक्तियों में कराया जाय तो कैसे! इनके चरित्र को बताने वाली एक स्वतंत्र पुस्तक ही लिखी जाय तो ठीक है !

विष्णुवर्द्धन के उत्तराधिकारी उनके पुत्र "नरसिंहदेव" थे। इन्होने अच्छी दिग्विजय की थी और इस दिग्विजय के समय उन्होने श्रवणवल्लभ की यात्रा कर दान दे दिया था। इनके दाहिने हाथ "वीरहुल्लराज थे। यह हुल्ल वाजिवंश के यद्तराज के पुत्र थे और नरसिंहदेव के प्रसिद्ध मंत्री और सेनापति थे। जैनधर्म प्रभावना में इनका नम्बर गङ्गराज से भी ऊँचा है। राज्यप्रवन्ध में वह 'योगन्धरायण' से भी अधिक कुशल और रा- नीति में वृहस्पति से भी अधिक प्रवीण थे ! वल्लल नरेश की राजसभा में भी वह विद्यमान थे ! "जैनवीर रेचिमय्य" इन राजाओं के सेनापति थे ! इन सबने देश और धर्म की प्रभावना की थी ! राचरस, भद्रादित्य, भरत, मरयिने आदि जैनवीर होय्सलराज्य में मंत्री शासक आदि रूप में नियुक्त हो जैनधर्म प्रभावना कर रहे थे।

६—"कादम्बवंशी" राजाओं का अधिकार दक्षिणभारत में चालुक्यों के साथ साथ था। वे वहां दक्षिण पश्चिम भाग में और मैसूर के उत्तर में राज्य करते थे। उनकी राजधानी उत्तर कनड़ा में वनवासी नामक नगर थी ! इस वंश के अधिकांश राजा जैनधर्म के बड़े प्रभावकर्ता थे ! चौथी शताब्दि के एक

जैनधर्म के लिये शासक बने और जैनधर्म के ही लिये वह न कहीं के होरहे। उनसे वही वीर थे!

८—'शिलाहारवंश' के राजा लोग सम्भवतः चालुक्यों की छत्रछाया में राज्य करते थे। उनकी राजधानी कोल्हापुर में थी और यह जैनधर्म के अनन्य भक्त थे। इस वंश का पाँचवाँ राजा 'झंझा' इतना प्रसिद्ध था कि उसका वर्णन अरब इतिहासज्ञ मसूदी ने लिखा है। बारहवीं शताब्दि में इस वंश के राजा 'भोजद्वितीय' ने कलचूरियों से घोर युद्ध किया और बहमनी राजाओं के आने तक राज्य किया। इन राजाओं के बनाये हुए कई एक भव्य जैनमन्दिर आज भी मोजूद हैं।

९—'पाण्ड्यवंश' के प्राचीन राजा जैनी थे, यह पहले किञ्चित लिखा जा चुका है। यूनान देश के बादशाहों से इनका सम्पर्क था। ईस्वी दूसरी शताब्दि में एक पाण्डयराज ने अपने राजदूत बादशाह ऑगस्टस के पास भेजे थे। उनके साथ नग्न श्रमणाचार्य भी यूनान गये थे। इस उल्लेख से तत्कालीन राजा का जैन और प्रभावशाली होना प्रकट है। पाण्डयराजधानी मदुरा जैनों का केन्द्र था। चौथे पाण्डयराज 'उग्रपेरुवलूटी' (सन् १२८–१४०) के राजदरबार में जैनाचार्य कुन्दकुन्द प्रणीत प्रसिद्ध तामिल काव्य कुरुल पढ़ा गया था। पल्लवराज महेन्द्रवर्म्मन् के समकालीन 'पाण्डयराज' भी जैन थे, किन्तु उनकी चोलरानी शैव थी। उसी के संसर्ग से वह शैव हो गये। उपरान्त सन् १२५० में वारकुर नगर के जैन-

राजा 'भूतलपांडय' जैनी थे। इस वंश के अन्य राजा भी जैन थे, जिनमें 'वीरपांडय' प्रसिद्ध है। इन्होंने सन् १४३१ में गोम्मटदेव की विशाल काय मूर्ति कारकल में स्थापित कराई थी।

१०—'चोलराजवंश' यद्यपि मूल में जैनधर्मानुयायी था, परन्तु उपरान्तकाल में वह इस धर्म से विमुख हो गया था। इतने पर भी जैनधर्म के उपासक इनसे आदर पाते रहे थे। कुर्ग व मैसूर के मध्यवर्ती प्रदेश पर राज्य करने वाले 'चंगल-वंशी' राजा इनके आधीन थे; परन्तु वे पक्के जैनधर्मानुयायी थे। इनकी उपाधि महामंडलीक मण्डलेश्वर थी। इनमें राजेन्द्र, मादेवन्ना, कुलोत्तुङ्ग उदयादित्य आदि प्रसिद्ध राजा हैं। चोलों के अथक युद्ध में इन्होंने सदैव उनका साथ देकर अपना भुजविक्रम प्रकट किया था।

११—चोलों की प्राचीन राजधानी ओरदूर में राज्य करने वाला 'कोंगल्वंश'* भी जैनधर्मानुयायी था। 'वादिभ', 'राजेन्द्र-चोल पृथ्वीमहाराज', 'राजेन्द्रचोल कोंगत्त', 'अदतरादित्य' और 'त्रिभुवनमल्ल' ये इस वंश के राजा थे।

१२—'चेरवंश' भी प्राचीनकाल से जैनधर्म का उपासक था। उपरान्तकाल में चेर (चीरा) वंश के शासकों की राज-धानी वान्जी थी। 'एलिन', 'राजराजव पेरुमल' इस वंश के

---

* सम्भवत. इसी वंश को निडगुलवंश भी कहते हैं। यह अपने को सूर्यवंशी और करिकाल चोल का वंशज बताता है।

थी। इनकी उत्पत्ति उग्रवंश के जिनदत्तराय से कही जाती है। बाद में इनकी राजधानी कारकल में रही। श्रुज्ञानन सा० लिखते हैं कि तुलुव के यह बलवान जैन राजा थे।

१७—'धरणीकोटा' के राजा भी जैनी थे। इनमें कोट भीमराय, कोट केतकराय आदि प्रसिद्ध थे।

१८—होटसल राजाओं को मुसलमानों ने सन् १३२६ में नष्ट कर दिया था। उस समय दक्षिण भारत में एक क्रान्ति सी मच गई थी और उस क्रान्ति का ही परिणाम था कि 'विजयनगर साम्राज्य' का जन्म हुआ। यद्यपि इस क्रान्ति में ब्राह्मणों का मुख्य हाथ था और इस कारण विजयनगर के राजाओं में उन्हीं की ज्यादा चलती थी, परन्तु तो भी इन राजाओं की जैनधर्म के प्रति सहानुभूति थी। इसका एक कारण था और वह यह कि उस समय हिन्दू - आर्यमात्र को संगठित होकर मुसलमानों को परास्त करना आवश्यक हो रहा था। इसी उद्देश्य को लक्ष्य कर विजयनगर के राजाओं ने जैनधर्म के प्रति सहानुभूति रक्खी और किन्हीं-किन्हीं ने उसे अपनाया भी। राजकुमार 'उग्र' जैनधर्म में दीक्षित हुए थे तथापि राजा 'देवराज द्वितीय' ने विजयनगर में एक जैन-मन्दिर बनवाया था। राजा हरिहर द्वितीय के सेनापति 'इरुगप्प जैनी' थे। उन्होंने अपने भुजविक्रम को प्रकट करते हुए जैन प्रभावना के अनेक कार्य किये थे। इन्हीं राजा के एक अन्य सेनापति सिरियण्ण के पुत्र 'वैचप्प' थे। इन्होंने काङ्कण

युद्ध में बड़ी बहादुरी दिखाई थी और उसी युद्ध में वह वीर-गति को प्राप्त हुए थे; किन्तु मुसलमान भी फिर कोङ्कण में अधिकारी न रह सके थे। यह वीर जैनधर्म के भक्त थे और इनका सचित्र वीरगल् गोआ में मौजूद है। इसके साथ ही विजयनगर राज्य की छत्रछाया में अन्य जैन राज्य भी फले-फूले थे।

१६—किन्तु सन् १५६५ के युद्ध में मुसलमानों ने विजय-नगर साम्राज्य को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। इस समय प्रान्तीय जैन-शासक स्वतन्त्र हो गये थे। यह प्रधानतः तुलुवदेश में ही राज्य करते थे और इस प्रकार थे—

(१) कारकल के भैरसू ओडियार, (२) मूड़विद्री के चौटर, (३) नन्दावार के बंगर, (४) अल्दनगड़ी के अल्दर, (५) वैलन-गड़ी के भुतार और (६) मुल्की के सावनतूर।

जैनधर्म के पक्षपाती होने के कारण इन शासकों का युद्ध अन्य हिन्दू राजाओं से ठना ही रहता था। इनमें कई एक राजा बड़े पराक्रमी थे।

२०—"मैसूर के राजवंश" में भी जैनधर्मानुयायी अनेक वीर शासक हुये हैं। इनमें श्री चामराज ओडयर, श्रीचिक्कदेवराय ओडयर, श्रीकृष्णराज ओडयर आदि उल्लेखनीय हैं। इन्होंने जैनतीर्थ श्रवणबेलगम्भ के लिए अनेक कार्य किए थे। वर्तमान मैसूर नरेश भी जैनधर्म से प्रेम रखते हैं।

× ×

कलङ्क की बात है। जैन पुराण और जैन इतिहास तो अनेक वीराङ्गनाओं के आदर्श-चरित्रों से भरे पड़े हैं। उन्हें यहां दुहराने के लिये न अवसर ही है और न पर्याप्त स्थान! इतने पर भी कुछ चमकती हुई वीराङ्गनाओं का उल्लेख कर देना अनुचित न होगा!

१—सम्राट् "खारवेल की पत्नी वजिरि भूमि के क्षत्रीराज की कन्या थीं। जिस समय खारवेल विजिर-राजा के वैरियों से घमासान युद्ध करते हुये बेहद आहत हो रहे थे और उनकी सेना के पाँव उखड़ रहे थे, उस समय इस राजकन्या ने अपनी सहेलियों के जत्थे के साथ शत्रु पर आक्रमण करके उसके छक्के छुटा दिये थे! खारवेल की विजय हुई शत्रु भाग गया! अन्ततः उनका व्याह खारवेल से हो गया और राजरानी होकर इन्होंने जैनधर्म के लिए अनेक कार्य किये!

२—"इचप्पा सरदार की' पोती ने विजयनगर के राजाओं से स्वतंत्र हो जरसप्पा में राज्य किया था। तब से यहां कई वर्षों तक स्त्रियाँ ही राज्य करती रहीं। ये सब जैनधर्म की परमभक्त थीं सत्रहवीं शताब्दि के प्रारम्भ में यहां की अंतिम रानी "भैरवदेवी" राज्याधिकारी थीं! इन पर वेदनूर के राजा वेङ्कटप्प नायक ने आक्रमण किया। रानी बड़ी बहादुरी के साथ लड़ी और वीरगति को प्राप्त हुई! 'कोमलाङ्गी' ने अपना 'सबला' नाम सार्थक कर दिया!

३—गङ्गवंश में 'वीराङ्गना सावियव्वे' प्रसिद्ध थीं। यह

सरदार वायक की कन्या थी। धोरा के पुत्र वीरवर लोकविद्याधर इनके पति थे। पतिदेव के प्रेम में सरबोर वह वीराङ्गना भी उनके साथ समरभूमि में लड़ाई लडने गई। घोडे पर चढ कर और तलवार हाथ में लेकर उसने बडी बहादुरी दिखाई। यहाँ तक कि वैरियों के सरदार के हाथी पर इसके घोडे ने जाकर टाप लगा दीं। इसी समय शत्रु का घातकभाला उसके मर्मस्थल के आर-पार हो गया। वह वीराङ्गना झट सँभल गई और जिनेन्द्र भगवान का नाम जपती हुई स्वर्गधाम को सिधार गई। उसके इस अमर कृत्य का दृश्य आज भी श्रवणबेलगोल के जैनमन्दिर में एक शिलापट पर अङ्कित है, मानो वह अपनी बहिनों को वीरता और निशङ्कता का ही पाठ पढ़ा रहा है।

४—बस, आइये पाठक वृन्द, एक जैनवीराङ्गना के और दर्शन कर लीजिये। यह सरदार नागार्जुन की वीर पत्नी थीं। सरदार नालगोकंड का शासक था और एक पक्का जैनी था। भाग्यवशात् वह समाधिमरण कर गया। राजा अकालवर्ष ने उसका पद उसकी 'वीर पत्नी जक्कमव्वे' को दे दिया। वह सुचारु रीति से शासन करने लगी। तब का शिलालेख कहता है कि 'यह बड़ी वीर थी, उत्तम युद्धशक्तियुक्ता थी और जिनेन्द्र-शासन भक्ता थी।' अन्त समय के निकट में इसने अपनी पुत्री के सुपुर्द राज्य कर दिया और स्वयं एक जैनतीर्थ को जाकर शकाब्द ८४० में समाधि ग्रहण कर ली।

इन वीराङ्गनाओं के नाम और काम के आगे भला बताइये,

उपसंहार।

'यः शस्त्रवृत्तिः समरे रिपुः स्यात्,
यः कण्टको वा निज मण्डलस्य ।
अस्त्राणि तत्रैव नृपाः क्षिपन्ति,
न दीन-कानीन-शुभाशयेषु ॥'

—श्रीसोमदेवाचार्य ।

'वीरवरो, अपनी तलवार को वहीं संभालो जहां रणाङ्गण में युद्ध करने को सम्मुख हो अथवा उन देश कंटकों को अपने रास्ते में से साफ कर-दो, जो देश की उन्नति में बाधक हों ! किन्तु खबरदार, यदि-तुम वीर हो-तो दीन, हीन और साधु-आशय वाले लोगों के-प्रति कभी भी शस्त्र न उठाना ।' यह आदेश जैनाचार्य का है और इसकी सार्थकता गत-पृष्ठों के अवलोकन से स्वयं स्पष्ट है। जैनराष्ट्र में इस सात्विक वीरवृत्ति का सर्वथा पालन होता रहा। जैनों ने कभी भी अन्धाधुन्ध निरर्थक हिंसा को नहीं अपनाया। उनकी सयमी और करुणा मई वृत्ति ने भारतीय वीरों में इन्हें अग्रणी बना दिया ! नहीं भला-बताइये, वह कौन था जिसने मानव समाज पर करुणा करके उसे सभ्य जीवन बिताना सिखाया और असि-मसि-कृषि आदि कर्मों की शिक्षा देकर भारतीयों को एक आदर्श-राष्ट्र में

संगठित किया ? क्या वह जैन तीर्थङ्कर भगवान ऋषभदेव नहीं थे ? और देखिये, अन्याय का नाश करने के लिये और धर्म का प्रचार करने के लिये जिन वीरों ने दिग्विजय की: क्या वह जैनतीर्थङ्कर शान्ति-कुन्थ- अरह नही थे ? तिस पर आत्मबल में अपूर्व प्रकाश प्रदीप्त करने वाले वीर-रत्न भी जैन धर्म में एक नहीं अनेक हुये ! हिन्दू राष्ट्र में जहां अहिंसात्मक सत्याग्रह द्वारा आत्मबल प्रकट करने का मात्र एक उदाहरण विश्वामित्र और वशिष्ठ के युद्ध में मिलता है; वहाँ जैन तीर्थङ्करों और महा पुरुषों के एक से अधिक चरित्र इस आदर्श को उपस्थित करते थे ! भला कहिये, ये सत्याग्रही वीर उत्पन्न करके जैन धर्म ने भारत की उन्नति की या अवनति ?

इतना ही क्यो ? सोचिये तो सही, वह कौन थे जिन्होंने देश की जननी जन्मभूमि को स्वाधीन बनाये रखने के लिये बडे से बड़े दुश्मन का सामना किया ? भारत की सीमा पर अपने र जमाते हुये विदेशियों को किनने मार भगाया ? अरे, किन्होंने यह शिक्षा दी कि पराधीन होने से मर जाना अच्छा है—'जीवितात्तु पराधीनाज्जीवानां मरणं वरम्' ? क्या यह जैनाचार्य की उक्ति नहीं है ? फिर ज़रा बताइये कि देशोद्धारक श्रेणिक, नन्दिवर्द्धन, चन्द्रगुप्त आदि क्या जैन नहीं थे ? और हाँ जीते जी शत्रु के हवाले देश को न करने वाले वीर धनराज भला कौन थे ? वह जैन थे—हमारे ही भाई थे ! किन्तु दुःख आज हम उन्हीं के अनुचर न कहीं के हैं ! लोग हमें और हमारे

किन्तु शायद आप कहें—हमारे जैनी भाई कहें, यह क्षत्री वीरों की बातें हमें क्यो सुनाते हो ! हमारा काम तो रुपया कमाना और उससे धर्म का नाम करना है ! किन्तु वह भूलते हैं। जैनाचार्यों ने निशङ्क होने का उपदेश जैनी मात्र को दिया है और हमारे पहले के वैश्य-पूर्वज उसकी जीती-जागते मिसाल थे ! वणिक कुल दिवाकर भविष्यदा और जम्बूकुमार के चरित्र को क्या आप भूल गये ? और फिर वीर भामाशाह, आशाशाह, धनराज और धर्मचन्द्र क्या वैश्य नहीं थे ? उनके चरित्र पढ़िये और देखिये वह आपको क्या शिक्षा देते हैं ? धन खाने खरचने की वस्तु है—उससे धर्म का काम सधना सुगम नहीं है। धर्म तो आत्मबल प्रकट होने और उसका प्रभाव दिगन्तव्यापी बनाने में ही गर्भित है और यह तब ही संभव है; जब सत्य की निशङ्कभाव से आराधना की जाय। अतएव इन वीरों के चरित्र से अपने आत्म गौरवान्वित होने देना प्रत्येक जैन का कर्तव्य है।

साथ ही हमारे अजैन पाठक भी इन वीरों की आत्मकथाओं से लाभ उठाने में पीछे न रहें। वह देखें भारत के रक्षक, भारत के नाम को दुनियां में चमकाने वाले और भारत पर अपना सब कुछ कुरबान करने वाले कितने आदर्श जैन वीर और वीरांगनायें हो चुकी हैं। जैन धर्म ने उन्हें कायर नहीं बनाया उनके आत्मबल को निस्तेज नहीं कर दिया, फिर आज यह कोई कैसे मानले कि जैन धर्म ने ही भारत को नामर्द

बना दिया है-उसका सत्यानाश कर दिया है? सच पूछिये तो—

'किया इस देश को बरबाद, आपस की लड़ाई ने।
दिलों में वैर पैदा कर दिया, अपनी पराई ने॥'

अतएव दूसरों को बदनाम करने और आपस में लड़ने के बजाय यदि संयम और सत्यता से वर्तना हम न भूलते तो पूर्वजों की गुणगरिमा से हाथ न धो बैठते। जैन और हिन्दू वीरों ने तो आज नहीं—विजय नगर राज्य में ही प्रेम पूर्वक सहयोग द्वारा संगठन की नींव जमा दी थी। तब जैनधर्म और हिन्दूधर्म साथ साथ फले फूले थे। उन्हों ने एक क़ाबिल दो जान हो कर देश और धर्म की रक्षा की थी। तबका राजधर्म यद्यपि वैष्णव था; परन्तु जैन धर्म को भी राजाश्रम मिला था। इस पारस्परिक आत्म विश्वास और सहयोग का ही परिणाम था कि सेनापति इस गप्प और वीरवर बैचप्प जैसे जैन वीरों ने देश और धर्म की रक्षा में अपने हिन्दू राजाओं का पूरा हाथ बटाया था। बैचप्प ने तो देश की बलिवेदी पर अपने प्राणों को ही उत्सर्ग कर दिया था। किन्तु वह वीर तो अपने इस कर्तव्यपालन से अमर होगये और उन जैसे अन्य वीर भी अपनी कीर्ति को अमिट बना गये है, पर हाँ, हमें भी वह एक जीता जागता सन्देश दे गये है। वह सन्देश क्या है? हम से न पूंछिये। उनके जीवन चरित्रों को पढ़ कर स्वयं उनके सन्देश को समझ लीजिये और यदि उसे समझ

जैन मित्रमंडल द्वारा प्रकाशित हिन्दी ट्रेक्ट।

१ रेशम के वस्त्र—लेखक बाबू जोतीप्रसाद देवबंद

२ घोर अत्याचार और उसका फल—ले० प० जुगलकिशोर मुख्तार

३ द्रव्य संग्रह—लेखक पं० गौरीलालजी

४ जैन मित्र मंडल का विवरण—मंत्री

५ अहिंसा—लेखक ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजी

६ जैनधर्म सिद्धान्त ही भूमंडल का सार्वजनिक धर्म सिद्धान्त हो सकता है—लेखक माईदयाल जैन बी. ए. आनर्स मूल्य)॥

७ रत्नकरण्ड श्रावकाचार पद्यानुवाद—पं० गिरधर शर्मा नवरत्न -)

८ जैन मित्रमंडल का इतिहास और कार्य विवरण—मंत्री

९ जैनधर्मप्रवेशिका प्रथम भाग—लेखक सूरजभान वकील =)

१० मुक्ति और उसका साधन—ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजी -)

११ जिनेन्द्रमत दर्पण प्रथम भाग—लेखक पं० जुगलकिशोर मुख्तार

१२ उपासनातत्त्व— " " "

१३ मुक्ति—लेखक प० प्रभाचन्द्रजी न्यायतीर्थ

१४ पंचव्रत—लेखक बाबू भोलानाथजी मुख्तार)॥

१५ रत्नत्रय कुंज—बैरिस्टर चम्पतरायजी -)

१६ ज्ञान सूर्योदय—बाबू सूरजभानजी वकील =)

१७ जैनवीरों का इतिहास और हमारा पतन—ले० अयोध्याप्रसादजी ।)

१८ वीर जयन्ती उत्सव तथा मण्डल का विवरण २९२९ ।)

१९ वीर जयन्ती उत्सव तथा मण्डल का हिसाब १९३०

२० जैनी कौन हो सकता है—लेखक पं० जुगलकिशोर मुख्तार

२१ जैन वीरों का इतिहास—लेखक कामताप्रसादजी ।)

नोट—फ्री ट्रेक्ट या रिपोर्ट -) आने के टिकट आने पर मुफ्त भेजी जा सकती है।

मिलने का पता—

जैन मित्रमण्डल, धर्मपुरा देहली।

जैन मित्रमंडल द्वारा प्रकाशित उर्दू ट्रैक्ट।

जैनधर्म परमात्मा	
मेरी भावना	मुफ्त
जैनकर्म फ्लासफी	-)
सुख कहाँ है	)॥
खुलासा मज़ाहिब	)॥
ब्रह्मचर्य	)।
शाहराहे निज़ात	)॥
मोह जाल	)।
भगवान महावीर के जीवन की झलक	)॥
सप्तविशन (हफ्तेअयूब)	)॥
क्या ईश्वर खालिक़ है	)॥
ज्ञान सूर्योदय दूसरा भाग	-)
कलामे पैका	
मजमय दिल पज़ीर	
जैनधर्म	)।
सिल्कसद्द जवाहर	)॥
आरज़ूए खैरबाद	)॥
गुलजार तखिल	
नयाब गोहर	

जैन धर्म की अजमत	
भगवान महावीर	
सुबह सादिक़	)॥
हक़ीक़त दुनिया	-)
भगवान महावीर और उनका वाज़	)॥
रिपोर्ट जलसा वीर जयन्ती नं० २७	=)
अहिंसा धर्म पर बुद्धिली का इलज़ाम	)॥
हकीकते माबूद	)॥
हयाते वीर	)॥
सहरे काज़िब	-)
जलवय कामिल	=)
जैन धर्म अज़ली है	=)
आजादे रियाज़त	१) सैकड़ा
फराइजे इन्सानी	)॥
हुस्ने फितरत कारनेक	
हयाते रिषभ	

मिलने का पता:—

जैन मित्रमण्डल, धर्मपुरा देहली।

हम और हमारे कार्य के बारे में कुछ सम्मतियां

श्रीमान् साहु श्रेयांस प्रसाद जी जैन रईस

नजीबाबाद, ६ अप्रेल ३०

मंडल कितनी उपयोगी संस्था है और यह जैन समाज की कितनी सेवा कर रही है यह सबको विदित ही है इस कारण ज्यादा लिखना वृथा है।

श्रीमान् ब्रह्मचारी पारसदास जी

बागोला, २६ मार्च ३१

आप के भेजे हुये दोनों ट्रैक्ट आज आये, ट्रैक्ट बहुत ही उपयोगी हैं इनके पढ़ने से विदित हुआ कि जैन मित्रमंडल ने जो अल्प समय में उन्नति की है वह सराहनीय है वास्तविक निःस्वार्थ सेवा ही से ऐसी उन्नति हो सकती है इस मित्रमंडल के कार्य कर्त्ताओं को मैं हार्दिक धन्यवाद देता हुआ श्री १००८ श्री वीर भगवान से यही प्रार्थना करता हूं कि आपकी सेवा सफल हो कर विश्व में फिर पूर्ववत् अहिंसामय जैनधर्म का झंडा फहरावे।

श्रीमान् ब्रह्मचारी दीपचंदजी वर्णी

११ मार्च ३१

मैं हर प्रकार से उत्सव की सफलता चाहता हूँ और इस में जो सच्ची धर्म प्रभावना होती है उस की अनुमोदना करता हूँ।

श्रीमान् कन्हैयालाल जी मिश्र प्रभाकर देवबन्द

१८ मार्च ३१

आपका मण्डल अपनी शक्ति पर इस आवश्यकता की पूर्ति में सन्नद्ध है भगवान आपको इस कार्य में सफलता दें मेरी यही शुभ कामना है